श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 223, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 12 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एकः मोदी

## ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे....

### भारत-सऊदी

### भारत-सऊदी की दोस्ती नए मुकाम पर, दोनों देश बदलते समय के साथ संबंधों में नए आयाम जोड़ रहे हैं

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली लीडर्स मीटिंग में भाग लेते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। 2019 की मेरी सऊदी अरब यात्रा के दौरान हमने इस काउंसिल की घोषणा की थी। इन चार वर्षों में यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। मुझे खुशी है कि इस काउंसिल के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है।





### 'समय के साथ हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जुड़े'

**बदलते** समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक पार्टनर्स में से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठक में हमने हमारी करीबी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहल की पहचान की। आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरुआत की है। यह कॉरिडोर केवल दोनों देशों को ही आपस में नहीं जोड़ेगा बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।

जी20 समिट के समापन के बाद क्राउन प्रिंस सलमान इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। आज दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता से पहले, क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। औपचारिक स्वागत के बाद बिन सलमान ने भारत की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं भारत में आकर बहुत खुश हूं।

जी20 शिखर सम्मेलन काफी अच्छा था और इसके लिए भारत को बधाई। जी20 में की गई घोषणाओं से दुनिया को फायदा होगा और हम दोनों देशों के लिए एक महान भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। बता दें कि सऊदी अरब मध्य-पूर्व में भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों में से एक है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के रिश्तों में सुधार हुआ है। दोनों देश अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## जॉइंट सेक्रेटरी और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा

**नई दिल्ली**

**अब जॉइंट से**क्रेटरी और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल



पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। संविधान पीठ को ये तय करना थाः अब सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच को तय करना था ।

### चीन में गायब हो रहे मंत्री, विदेश मंत्री के बाद अब रक्षा मंत्री भी लापता

**बीजिंग**

**चीन में मं**त्रियों के गायब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। विदेश मंत्री किन गांग के बाद अब रक्षा मंत्री ली शांगफू भी गायब हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू 29 अगस्त 2023 के बाद से नहीं देखे गए हैं। उन्हें आखिरी बार चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा फोरम को संबोधित करते समय देखा गया था। इस बैठक से पहले चीनी रक्षामंत्री एक सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के दौरे पर गए थे।

## 'नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी'

### सड़क खराब हुई तो निमार्ता एजेंसी ही करे पुनर्निमार्णः मुख्यमंत्री



**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं।

हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं हैं, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा।

## जी 20 में भारत की आर्थिक ताकत भी प्रदर्शितः जितेन्द्र सिंह



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय मंत्री** डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन ने भारत की तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ आर्थिक ताकत को भी प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के संयोजन को एक संस्था के रूप में स्थापित किया है। हमारे पास पारंपरिक ज्ञान पुस्तकालय था, जिसे अब टीकेडीएल (ट्रेडिशन अंडर प्राइमल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी) के नाम से जाना जाता है। सोमवार को सीएसआईआर--नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर), के 'वन वीक वन लैब' (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत मंडपम के साथ नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा निर्मित कुछ नवीनतम स्मारक में पारंपरिक विरासत के साथ नवीनतम वैज्ञानिक कौशल, प्रौद्योगिकी और वास्तुकला के संयोजन को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'वन वीक वन लैब' (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम की सफलता के बाद विभिन्न सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के प्रयासों को एकीकृत करने की दिशा में 'वन मंथ वन थीम' कार्यक्रम भी किया जाना चाहिए। सीएसआईआर प्रयोगशालाएं 10 सफलता की कहानियां प्रचारित की जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि जी-20 शिखर सम्मेलन में अपनाए गए नई दिल्ली घोषणापत्र ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत की ।

### मत्स्य 6000 नाम की इस पनडुब्बी की टेस्टिंग बंगाल की खाड़ी में की जाएगी

## अगले साल होगी समुद्रयान मत्स्य 6000 की टेस्टिंग

**नई दिल्ली**

**भारत अ**पने पहले महासागर मिशन समुद्रयान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी को अगले साल यानी 2024 की शुरूआत में गहरे समुद्र में भेजेगा। मत्स्य 6000 नाम की इस पनडुब्बी की टेस्टिंग बंगाल की खाड़ी में की जाएगी। पहले ट्रायल में इसे समुद्र की 500 मीटर गहराई में भेजा जाएगा। 2026 तक ये तीन भारतीयों को महासागर में 6000 मीटर की गहराई में ले जाएगी। भारत छठवां देश है जिसने मानव पनडुब्बी बनाई है। इसके पहले अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन ने मानवयुक्त पनडुब्बी बना चुके हैं। वहीं, भारत सरकार इस मिशन के जरिए समुद्र तल से मोबाइल-लैपटॉप जैसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बनाने के लिए कोबाल्ट, निकल और सल्फाइड जैसी धातुएं और खनिज निकालने का प्रयास कर रही है।

**टाइटेनियम एलॉय से बनी है मत्स्य 6000: डायरेक्टर जी.ए. रामदास ने** मत्स्य 6000 पनडुब्बी की खासियत बताते हुए कहा- ये 12-16 घंटे तक बिना रुके चल सकती है। इसमें 96 घंटे तक ऑक्सीजन सप्लाई रहेगी। इसका व्यास 2.1 मीटर है। इसमें तीन लोग बैठ सकते हैं। ये 80 के टाइटेनियम एलॉय से बनी है। ये 6000 मीटर की गहराई पर समुद्र तल के दबाव से 600 गुना ज्यादा यानी 600 बार (दबाव मापने की इकाई) प्रेशर झेल सकती है। इसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी के साइंटिस्ट्स ने 2 साल में तैयार किया है। वो अभी इसे रिव्यू कर रहे हैं। जून 2023 में अटलांटिक ओशन में टाइटन नाम की पनडुब्बी डूब गई थी। पांच अरबपतियों की मौत हो गई थी। इस घटना को ध्यान में रखते हुए मत्स्य 6000 की डिजाइन को रिव्यू करने का फैसला किया।

**समुद्र तल से धातुएं निकालने की कवायदः** दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए ई-वाहनों और उनके लिए बैटरियों की मांग में तेजी हो रही है। वहीं, इनको बनाने में इस्तेमाल होने वाले संसाधन दुनियाभर में कम होते जा रहे हैं। समुद्र की गहराई में पाया जाने वाला लीथियम, तांबा और निकल बैटरी में इस्तेमाल होते हैं। वहीं, इलेक्ट्रिक कारों के लिए जरूरी कोबाल्ट और स्टील इंडस्ट्री के लिए जरूरी मैगनीज भी समुद्र की गहराई में उपलब्ध है।

### कलानिधि मारन और उनकी एयरवेज को 100 करोड़ रुपये 12 सितंबर तक चुकाए स्पाइस जेटः हाई कोर्ट

**नई दिल्ली**

**दिल्ली हाई** कोर्ट के जस्टिस योगेश खन्ना की बेंच ने स्पाइस जेट और उसके चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह को निर्देश दिया है कि वो कल यानी 12 सितंबर तक कलानिधि मारन और उनकी एयरवेज को सौ करोड़ रुपये की बकाया रकम चुका दें। सुनवाई के दौरान अजय सिंह के वकील ने कोर्ट को बताया कि मारन को 62.5 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं, जबकि 37.5 करोड़ रुपये का चेक तैयार है। इस पर मारन के वकील ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक सौ करोड़ रुपये की रकम 24 अगस्त से 11 सितंबर के बीच देनी थी लेकिन अजय सिंह की ओर से देरी की जा रही है। इसके बाद कोर्ट ने अजय सिंह को निर्देश दिया कि वो 37.5 करोड़ रुपये की बाकी रकम कल यानी 12 सितंबर तक मारन को दें। इससे पहले कोर्ट ने 24 अगस्त को 10 सितंबर तक कलानिधि मारन और उनके एयरवेज को सौ करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया था। दरअसल, मारन और कल एयरवेज ने आर्बिट्रल ट्रिब्युनल का फैसला उनके पक्ष में आने के बाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आर्बिट्रल ट्रिब्युनल ने जुलाई 2018 में स्पाइस जेट को आदेश दिया था कि वो मारन को 270 करोड़ रुपये लौटाएं।

## कैंसर और लिवर की नकली दवाओं के अलर्ट पर बढ़ी सख्ती

**नई दिल्ली**

**भारत ने** कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अलर्ट के बाद सख्ती बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दवा सुरक्षा चेतावनी के कारण कैंसर के इंजेक्शन एडसेट्रिस और लिवर की दवा डिफिटेलियो की आवाजाही और बिक्री पर निगरानी बढ़ाई गई है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआइ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को बताया कि देश में कम से कम आठ अलग बैच संख्या में इंजेक्शन के नकली संस्करण प्रचलन में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन



(डब्ल्यूएचओ) के भारत सहित चार देशों में नकली इंजेक्शन पाए जाने के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पांच सितंबर को एक अलर्ट जारी कर देशभर के दवा नियामकों को रैंडम नमूने लेने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय नियामक एजेंसी ने डाक्टरों और हेल्थ केयर पेशेवरों से दवा को 'सावधानीपूर्वक लिखने' और दवा की किसी भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करने के लिए अपने रोगियों को शिक्षित करने के लिए भी कहा।

डीसीजीआइ ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित चार अलग-अलग देशों से टाकेडा फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित एडसेट्रिस इंजेक्शन 50 मिलीग्राम के कई नकली संस्करण के साथ एक सुरक्षा चेतावनी जारी की है। जापानी दवा कंपनी टाकेडा फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित एडसेट्रिस इंजेक्शन एक महत्वपूर्ण दवा है, जिसका उपयोग कीमोथेरेपी के संयोजन में पहले से अनट्रीटेड स्टेज 3 या 4 के क्लासिकल हाजकिन लिंफोमा वाले वयस्क रोगियों के इलाज के लिए किया जाता है। यह पहले से अनट्रीटेड (अनुपचारित) हाई रिस्क वाले क्लासिकल हाजकिन लिंफोमा वाले दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को भी दिया जाता है।

डीसीजीआइ ने राज्य औषधि नियंत्रकों को भेजे एक पत्र में कहा कि ये दवाएं आनलाइन आसानी से मिल जाती हैं।

## 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' आर्थिक गतिविधियों को तेजी से बढ़ाएगा

**कोलकाता**

**भारतीय** इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल इंडिया ने सोमवार (11 सितंबर) को कहा, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' एक गेम-चेंजर परियोजना साबित होगी और वैश्विक व्यापार, इंजीनियरिंग निर्यात को भारी गति देगी। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि यह गलियारा "वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक लचीला" बनाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य भारत को समुद्र और बंदरगाह के जरिए मध्य पूर्व के रास्ते से यूरोप से जोड़ना है।

**लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी**

गरोडिया ने एक बयान में कहा, यह महाद्वीपों में वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही को नए सिरे से परिभाषित करेगा क्योंकि इससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और




शिपमेंट की डिलीवरी जल्दी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र के लिए, मध्य पूर्व और यूरोप दोनों प्रमुख बाजार हैं। इस पैमाने का यहां परिवहन बुनियादी ढांचा होने से वैश्विक स्तर पर इसकी प्रतिस्पर्धा में काफी बढ़ोत्तरी होगी।

**आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिलेगा**

अरुण गरोडिया ने आगे कहा कि इस परिवर्तनकारी परियोजना में निवेश से आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिलेगा। नई नौकरियां पैदा होंगी और सबसे जरूरी बात यह है कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। बता दें कि 9 सितंबर को ही भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी ।

## एफसीआई ने ई-नीलामी के जरिये 1.66 लाख टन गेहूं और 17 हजार टन चावल बेचा

**नई दिल्ली**

**भारतीय खाद्य** निगम (एफसीआई) ने खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए 1.66 लाख टन गेहूं और 17 हजार टन चावल की बिक्री की है। एफसीआई ने यह बिक्री ह्यखुला बाजार बिक्री योजनाह्ल (ओएमएसएस) के तहत पिछले हफ्ते 11वीं ई-नीलामी के जरिए की है। उपभोक्ता और खाद्य मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि एफसीआई ने छह सितंबर को 11वीं ई-नीलामी में



देशभर के 500 डिपो से कुल दो लाख टन गेहूं और 337 डिपो से 4.89 लाख टन चावल की पेशकश की थी। इस ई-नीलामी में 1.66 लाख टन गेहूं और 17 हजार टन चावल बेचा गया है।

# अव्यवस्थाओं के बीच अटल आवासीय विद्यालय में शुरू हुई कक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**

**मीडिया को सूचना न देने व विद्यालय की अव्यवस्थाओं पर अपर श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश ने नाराजगी जताई, श्रमिक प्रतिनिधियों ने योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर सौंपा ज्ञापन**




**कोरांव।** सोमवार को प्रयागराज मंडल में विकासखंड कोरांव के बेलहट गांव में नवनिर्मित अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय में कक्षाओं की औपचारिक शुरूआत करा दी गई। कक्षाओं का शुभारंभ करने के लिए अपर श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश शासन सौम्या पांडेय आइएएस ने बेलहट में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय में आंशिक तौर पर कुछ अधूरे कार्यों को लेकर अपर श्रमायुक्त और सीडीओ प्रयागराज ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण कायार्दायी संस्था को शीघ्र अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यदायी संस्था की ओर से हैंडओवर करने की बात कही जा रही थी। जिस पर उन्होंने कहा कि जब तक काम पूरा नहीं होगा तब तक हैंडओवर नहीं होगा। इसी तरह डीएलसी और विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा स्थानीय पत्रकारों को कार्यक्रम की सूचना न दिए जाने पर अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडेय व सीडीओ गौरव कुमार ने नाराजगी जताते हुए भविष्य में ध्यान रखने की नसीहत दी। मुख्य विकास अधिकारी ने भी बच्चों अभिभावकों का उत्साह वर्धन किया। मुख्य अतिथि रहे अपर श्रम आयुक्त सौम्या पांडेय ने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश ले चुके छात्र व छात्राओं से संवाद कर उन्हें टिप्स भी दिए। उन्होंने शिक्षकों व प्रिंसिपल को बच्चों के रहन-सहन पठन-पाठन व खानपान तथा खेलकूद पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाई बच्चों को नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों के शिक्षण कार्य हेतु सहयोग की अपील की।

**तेज धूप में सेल्फी पॉइंट पर घंटों खड़े रहे बच्चे व अभिभावक**

अटल आवासीय विद्यालय में कक्षाओं के शुभारंभ अवसर पर सेल्फी पॉइंट पर घंटे भर तेज धूप में अभिभावक व बच्चे खड़े रहे। पसीने से तरबतर बच्चों और अभिभावकों ने नाराजगी जताई। विद्यालय एवं श्रम विभाग की ओर से छावनी की भी व्यवस्था नहीं कराई गई थी। अपर श्रमायुक्त ने बच्चों व अभिभावकों के लिए भोजन आदि की जब जानकारी ली तो श्रम विभाग के अफसरो के पैरों तले जमीन खिसकने लगी। आनन फानन में भोजन की व्यवस्था प्रारंभ की गई।

**विद्यालय शुभारंभ के दौरान नहीं दिखे एसडीएम बीडीओ व जनप्रतिनिधि**

प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र में कोरांव तहसील के लोग गौरवशाली हैं जो कि मंडल स्तरीय अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय का निर्माण विधानसभा क्षेत्र कोरांव के बेलहट गांव में संपन्न हो गया है। जिसकी औपचारिक शुरूआत भी कर दी गई। सोमवार को बच्चों के पठन-पाठन की शुरूआत करने खुद प्रदेश की उप श्रमायुक्त सौम्या पांडेय पहुंची थी लेकिन कोरांव तहसील के एसडीएम कोरांव ब्लॉक के बीडीओ स्थानीय क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल एवं ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल नहीं दिखे। पता चला कि विभाग के द्वारा स्थानीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। इतना ही नहीं अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए जिस गांव के ग्राम प्रधान ने भूमि मुहैया कराई। जिनकी देखरेख में विद्यालय बनकर तैयार हुआ उस ग्राम प्रधान अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य रमाकांत सिंह तक को भी श्रम विभाग के अफसरो ने बुलाना मुनासिब नहीं समझा जिसकी चर्चा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि करते देखे गए। इस बाबत डिस्ट्रिक लेबर कमिश्नर राजेश मिश्रा ने कहा कि 23 को सभी जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

## श्रम प्रतिनिधियों ने अपर श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन



श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी व योजनाओं के लाभ में श्रमिकों को पात्र व अपात्र करने के मामले को लेकर श्रम प्रतिनिधियों का नेतृत्व कर रहे अहद अहमद सिद्दीकी ने अपर श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश शासन सौम्या पांडेय को ज्ञापन सौंप कर श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से श्रमिकों को लाभान्वित करने की मांग की। जिस पर उन्होंने जांच करवाई का आश्वासन दिया। इसी तरह अन्य महिला श्रमिकों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों के द्वारा भी योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी को लेकर शिकायतें दर्ज कराई गई। इसी तरह ग्राम प्रधान अलहवा अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल महामंत्री अहद अहमद सिद्दीकी के ऊपर किए गए जानलेवा हमले में कोराव पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपा। मुख्य विकास अधिकारी ने हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपाईयों ने ली हर घर की माटी



**सहसों।** भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर रविवार को गंगापार के भाजपा मंडल सहसों के शक्ति केन्द्र कसेरूआ कला एवं शक्ति केन्द्र सहसों के सभी बूथों पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अगुवाई में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में मंडल सहसों के समस्त कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने तिरंगा झंडे के साथ हांथ में राष्ट्रीय कलश लेकर हर घर जाकर घर के मुखिया से घर के आंगन की माटी या चावल कलश में लिए। इस दौरान हर घर से लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ भारत माता की जय बोलते हुए घर के आंगन की माटी या चावल राष्ट्रीय कलश में डालें। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह, मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह, जिला संयोजक भाजपा नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, मनोज तिवारी, महेश सिंह पटेल, सत्यम त्रिपाठी, अमन सिंह राजपूत, लवकुश बिन्द, शिव बाबू मोदनवाल, सतीश कुमार, गिरीश कुमार, प्रहलाद मोदनवाल, पंकज शुक्ला, मनीष तिवारी, जयप्रकाश शुक्ला, फूलचंद्र साहू सहित आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## केवला पती पीजी कॉलेज का मनाया गया 12वां स्थापना दिवस



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मुगरसन सिधौरा स्थित केवला पती पीजी कॉलेज का 12वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रघुराज सिंह प्रधानाचार्य रहे। वहीं मुख्य अतिथि ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। बिना शिक्षा के जीवन का कोई उद्देश्य नहीं है। आज के बदलते परिवेश में शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों को भी सजोने की जरूरत है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ अतिथियों को स्वागत करते हुए सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की।मुख्य अतिथि समेत उपस्थित लोगों ने परिसर में बने केवला पती के प्रतिमा पर माला पहनाकर नमन किया। परिसर में यज्ञ हवन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नित्य संगीत कव्वाली,सरस्वती वंदना,स्वागत गीत व दुल्हन ही दहेज है,लुटेरा प्रधान जी पर नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन राजकुमार अंजना ने किया। उक्त अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर एस वी सिंह,प्राचार्य विपिन कुमार, संस्थापक सेवा सिंह,अभय प्रताप सिंह,शिप्रा सिंह,सीमा सिंह ,चंद्र लाल यादव,श्याम बली यादव,धर्मेंद्र यादव,बृजेश सिंह,सूर्यभान सिंह, सुरेंद्र सिंह,शक्ति सिंह एवं संभ्रातिं लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## मोटर पम्प खराब, पानी के लिए मचा हाहाकार



**मेजा।** विगत एक सप्ताह से मेजा मेजा तहसील के ब्लॉक परिसर स्थित जलापूर्ति मोटर खराब होने से पानी की आपूर्ति बाधित होने से हाहाकार मच गया। मेजा बाजार के लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं में पेयजल अति आवश्यक की श्रेणी में है लेकिन एक सप्ताह से पम्प हाउस की मोटर खराब होने से लोग इस सुविधा से वंचित हैं। दरअसल मेजा तहसील के मेजा ब्लॉक कैम्पस स्थित पंप हाउस का मोटर पंप सेट दिन पहले खराब हो गया। इसके कारण पानी सप्लाई बंद है।उपभोक्ता रोशन मोदनवाल बताते हैं कि सप्लाई वाटर के सहारे रहनेवाले लोगों को सुबह होते ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वे बताते हैं कि व्यापारियों ने इसकी शिकायत कार्यालय में की लेकिन पिछले सात दिनों से आश्वासन मिल रहा है कि मोटर की मरम्मत की जा रही है।शिकायत के बाद दो दिन एक मोटर की मरम्मत हुई लेकिन आपूर्ति बाधित ही है। बता दें कि मेजा खास 5 हजार की आबादी वाला गांव पूरी तरह से नल के सहारे रहता है।खास तौर और बाजार के व्यापारी वर्ग। उन्होंने बताया कि पम्प हाउस में स्थाई रूप से कर्मचारी की नियुक्ति न होने से समस्या बनी हुई है।

# बालक व बालिका वर्ग में मदन मोहन मालवीय इं. कॉलेज करछना विजेता

**तहसील स्तरीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता :**

**विजेता टीम को प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत**
**श्रृंगी ऋषि इं. कॉलेज घटवा रही उप विजेता**

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** तहसील स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना में तहसील संयोजक प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खत्री पाठशाला प्रयागराज के प्रधानाचार्य लालचंद्र पाठक रहे । उन्होंने ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की सराहना करते हुए छात्रों को जीवन में खेल को जरूरी बताया। प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने करछना संभाग के खेल शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि कुश्ती व कबड्डी और हैंडबाल में मंडल स्तर चयन होने का श्रेय सभी खेल शिक्षकों को जाता है । सीनियर वर्ग में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना की टीम ने श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज घटवा की टीम को 15-13 और 15 -14 से पराजित किया । सब जूनियर में श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज घटवा की टीम ने आश्रम पद्धतिकॉलेज खांई की टीम को 15 -10 और 15 -12 से पराजित किया। बालिका वर्ग में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना की टीम ने श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज घटवा की टीम को 15-10 और 15 -12 से पराजित किया। निर्णायक के रूप में बुलंद प्रताप राय बृजेश सिंह राजेंद्र पांडेय बृजेश कुमार राकेश कुमार सुरेश सिंह क्षितिश तिवारी व शिल्पा मिश्रा रही। तिवारी कंस्ट्रक्शन प्रयागराज के प्रबंध निदेशक के एस तिवारी के सौजन्य से वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के आयोजक रहे श्री कृष्ण इंटर कॉलेज अमिलो के प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी की ओर से सभी खेल शिक्षकों समेत विजेता एवं उप विजेता को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता का संचालन लालचंद्र पांडेय ने किया । इस मौके पर अरुण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य केपी तिवारी शासकीय अधिवक्ता शत्रुघ्न प्रसाद देवी शंकर तिवारी सचिन तिवारी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी लोग मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग के छापे में 35 लीटर शराब संग धरा गया अभियुक्त

**शंकरगढ़।** आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश चौरसिया और शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह की अगुवाई में टीम ने छापा मारकर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। धरे गए अभियुक्त के कब्जे से 35 लीटर शराब बरामद हुई है, जिसमें 15 लीटर देशी शराब है, जबकि 20 लीटर कच्ची शराब शामिल है। शंकरगढ़ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी का चालान भेज दिया है। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के साथ क्षेत्र के कोहड़िया में छापेमारी की। गांव के पास स्थित गुमटी से 50 मीटर पहले की गई छापेमारी में अभियुक्त संतोष सिंह पुत्र अजायब लाल सिंह (ग्राम कोहडिया) को धर दबोचा गया। उसके कब्जे से 75 शीशी (200टछ) विंडीज लाइम देशी शराब (15 लीटर) और 20 लीटर कच्ची शराब (महुआ निर्मित) बरामद की गई। इस टीम में आबकारी इंस्पेक्टर नीरजसिंह, ओंकार सिंह, हरिशंकर ओझा, प्रमोद कुमार सोनकर, थाने से एसआई अमरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# केशरवानी समाज का एक बड़ा भाग आज भी गांव व शहर में गरीबी रेखा से नीचे कर रहा जीवन यापन : राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा बाजार के ईश्वरदीन छेदीलाल उत्सव गृह में वैश्य समाज का प्रादेशिक बैठक**



**जसरा।** जसरा बाजार के ईश्वरदीन छेदीलाल उत्सव गृह में आयोजित वैश्य समाज के प्रादेशिक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया कि केशरवानी समाज का एक बड़ा भाग आज भी गांव और शहर में गरीबी रेखा से काफी नीचे जीवन यापन कर रहा है। ठेले पर किसी तरह से अपनी दुकान लगा करके जीवकोपार्जन करने वाला समाज अब आरक्षण की लड़ाई सड़क पर लड़ेगा । उन्होंने यह भी कहा कि समाज की हमारी प्रतिभाएं आरक्षण के अभाव में कुंठा की शिकार हो रही है । कृष्ण मोहन गुप्ता ने यह भी कहा कि आदमी चुनाव में केशरवानी समाज आरक्षण न मिलने पर चुनाव के बहिष्कार पर भी विचार कर सकता है। हमें आरक्षण के नाम पर आज कई वर्षों से मात्र आश्वासन दिया जा रहा है । जिसे लेने के लिए अब केशरवानी समाज सड़क पर उतरेगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक केसरवानी ने कहा कि आज पूरे देश से जीएसटी के रूप में जो 188 लाख करोड़ रूपया वसूला गया है ,वह वैश्य समाज के लोगों के खून पसीने की कमाई है । हमसे तमाम टैक्स के नाम पर पैसे वसूले जाते हैं किंतु हमें सुविधा नहीं दिया जाता । बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता रतन केसरवानी ने कहा कि आरक्षण की इस लड़ाई में हमें एकजूटता के साथ अपनी आवाज लखनऊ और दिल्ली में बुलंद करनी होगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभू नाथ करें व संचालन शंकरलाल मधुकर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कुमार , पन्नालाल गुप्ता , रतन केसरवानी , शंकर लाल ,शंभू केसरवानी , प्रमोद कुमार डंडा , अंकुर केसरवानी , सुरेंद्र कुमार केसरवानी सोनू , रामबाबू केसरवानी व्यापार मंडल अध्यक्ष, शिवपूजन केसरवानी , आनंद कुमार ,सुशील केसरवानी , संकल्प केसरवानी , सतीश कुमार , रमेश साइकिल , अश्वनी केसरवानी, अमृतेश कुमार ,लल्ला महाजन ,श्याम बाबू , दीपचंद गुप्ता, पंचम महाजन , मोहनलाल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## मऊआइमा में सड़क दुर्घटना में विपक्षित युवक की मौके पर मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा सड़क हादसे में एक अज्ञात विपक्षित युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्राम प्रधान ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के कंचन पुर चौराहा स्थित प्रयागराज-प्रतापगढ़ राज्यमार्ग पर रविवार को देर रात एक विपक्षित अज्ञात 20 वर्षिय यूवक सड़क पार कर रहा था कि उसी समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।जिस से विपक्षित यूवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।देखते ही देखते लोगो का मजमा लग गया । राहगीरों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पिलखुआ ग्राम प्रधान सूरज पटेल पुत्र जयपाल पटेल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात युवक विपक्षित लग रहा था ।मृतक के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया परन्तु कुछ पता नही लग सका। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कोरांव में एक क्लीनिक पर हुई कार्रवाई बाकी काट रहे मलाई

**अखंड भारत संदेश**

**हर गली कूचों में बिना रजिस्ट्रेशन झोलाछाप चला रहे क्लीनिक व अस्पताल, बीते शुक्रवार को सीएमओ द्वारा एक संचालित क्लीनिक को कर चुके है सील**

**कोरांव।** कोरांव तहसील क्षेत्र में इन दिनों अवैध क्लीनिको मेडिकल स्टोर अस्पतालों की बाढ़ आ गई है। हर गली कूचों में बिना रजिस्ट्रेशन के झोलाछाप क्लीनिक व अस्पताल चलने का काम कर रहे हैं जिनके पास ना तो कोई डिग्री है और ना कोई डिप्लोमा नीम हकीमों की तरह उपचार कर गरीब मरीजों से धन ऐंठ कर अपनी जेबें भरने का काम कर रहे हैं। मरीज की जान बचेगी या चली जाएगी इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें सिर्फ और सिर्फ पैसे से मतलब है। मरीज ठीक होगा या नहीं इसकी उनकी कोई जवाब देही नहीं है। अंदाज व तुक्के के उपचार से मरीज ठीक हो गया तो वाह-वाह अगर कहीं उसकी हालत और बिगड़ी तो सीधे अवैध क्लीनिक व अस्पताल से मरीज को जिला अस्पताल ले जाने की बात कह दी जाती है। ऐसे में गरीब लाचार मरीज पैसे के अभाव में न तो जिला अस्पताल पहुंच पाते हैं, और ना ही अच्छा उपचार करा पाते हैं जिससे जिंदगी और मौत की जंग जूझते हुए वह स्वर्ग सिधार जाते हैं। कोरांव बाजार समेत महुली, खजुरी, बड़ोखर, देवघाट, भोगन रत्यौरा, लेडियारी, खीरी, हाटा, अयोध्या समेत प्रत्येक छोटे बड़े बाजारों व गांव के गली कूचों में क्लीनिक एवं अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित किए जा रहे हैं। जिनके पास क्लीनिक व अस्पताल चलाने के बाबत न तो कोई डिग्री है ना कोई डिप्लोमा फिर भी डॉक्टर बने अस्पताल चला कर गरीब मरीजों का शोषण कर धन ऐंठते चले आ रहे हैं। हाल में ही अभी बीते शुक्रवार को सीएमओ की टीम ने कोरांव में एक क्लीनिक पर कार्रवाई करते हुए सील कर दिया था। अगर देखा जाय तो अब भी कोरांव बाजार समेत पूरे क्षेत्र में दर्जनों से अधिक ऐसे क्लीनिक व अस्पताल संचालित हो रहे रहे हैं जिनके पास न तो पंजीकरण है और न कोई डिग्री लेकिन डॉक्टर साहब बनकर अस्पताल चला रहे हैं।

### बिना रेडियोलॉजिस्ट के ही चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर

कोरांव बाजार में इन दिनों अल्ट्रासाउंड सेंटर पैथोलॉजी लैब की भी भरमार देखी जा रही है। बाजार के प्रत्येक रूटों पर पैथोलॉजी लैब हुआ अल्ट्रासाउंड सेंटर देखने को मिल रहे हैं। क्षेत्रीय मरीज बताते हैं कि कोरांव के अच्छे डॉक्टरों में शुमार लोगों के पास जब इन केदो के अल्ट्रासाउंड लेकर जाते हैं तो सीधे वह इसे नकार देते हैं और अच्छे अल्ट्रासाउंड सेंटरों का नाम बता कर पुनः वहां से अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी जाती है। आखिरकार मरीजों को इन लोगों के शोषण का कोपभाजन होना पड़ रहा है। विभाग कुंभकर्णी निद्रा में सो रहा है। इसी तरह अगर पैथोलॉजी लैब की बात करें तो ऐसे भी लैब खुले हैं जहां जांच में तो मलेरिया या टाइफाइड बताते हैं। रोगी के ठीक न होने पर जब पुनः जांच कराई जाती है तो पता चलता है कि उसे मलेरिया और टाइफाइड की बीमारी है ही नहीं। इस तरीके की जांच रिपोर्ट भी मनमाने लैबों के द्वारा दी जा रही है।

### पंजीकरण किसी और के नाम अस्पताल चला रहा कोई और

कोराव क्षेत्र के पंजीकृत अस्पतालों की भी अगर बात की जाए तो पंजीकरण किसी और के नाम है तो अस्पताल कोई और चला रहे हैं। जिनके नाम से पंजीकरण है वह अस्पताल में महीने में आते भी हैं या नहीं इसका भी कुछ ता पता नहीं है। कोरांव बाजार समेत क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक ऐसे अस्पताल संचालित हो रहे हैं। जिनका पंजीकरण किसी और के नाम से है तो चला कोई और रहा है। बिना डिग्री के लोग अस्पताल चला कर मरीज के ऑपरेशन से लेकर सर्जरी तक का ठेका ले रहे हैं। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने मनमाने तरीके से संचालित हो रहे क्लीनिकों, अस्पतालों व मेडिकल स्टरों पर जांच करवाई की मांग की है। इससे संदर्भ में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पंजीकरण डॉ तीरथ लाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी टीकाकरण का कार्य चल रहा है। इसके बाद टीम गठित कर कोरांव क्षेत्र के छोटे-बड़े बाजारों एवं गांवो का निरीक्षण कर अवैध रूप से चल रही क्लीनिको, मेडिकल स्टरों व अस्पतालों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### मेजा के भाजपा नेता को बनाया इफको का निर्विरोध प्रतिनिधि



**मेजा।** मेजा के भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामराज यादव की पार्टी के प्रति बेहतर कार्यशैली को देखते हुए राज्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ में नई जिम्मेदारी सौंपी है। इससे समर्थकों सहित क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। बताते चलें कि मेजा के लोहारी गांव के रहने वाले श्यामराज यादव भाजपा नेता हैं। वह सिरसा मंडल के अध्यक्ष भी हैं। उनकी पत्नी आरती यादव वर्तमान जिला पंचायत सदस्य हैं। उक्त नेता की पार्टी के प्रति बेहतर कार्यशैली को इंटरनेट मीडिया पर देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण संघ लि. लखनऊ के राज्य निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा लखनऊ में इफको लखनऊ के निर्विरोध प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। उक्त अधिकारी ने घोषणा पत्र देकर बखूबी ढंग से जिम्मेदारी का निर्वहन करने की बात कही है। मौके पर मौजूद पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, अध्यक्ष निर्माण संघ प्रेम सिंह साक्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर सिंह सहित तमाम लोगों ने श्यामराज का माल्यार्पण कर बधाई दिया है। वहीं उक्त प्रतिनिधित्व को लेकर समर्थक सुनील तिवारी, विवेक यादव, गोपाल यादव,तूफान वर्मा, अशोक तुवारी, राधेकृष्ण द्विवेदी, पवन यादव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।

### स्वच्छ जल के लिए किया गया ग्रामीणों को जागरूक



**सहसों।** राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश भर में चलाए जा रहे जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, गोष्ठियों एवं चौपाल कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी तरह विकास खण्ड सहसों के विभिन्न गांव में कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ पेय जल के विषय पर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुरेश जयसवाल ने उपस्थित लोगों से कहा कि स्वच्छ जल स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है और दूषित जल पीने से अनेक प्रकार की बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश भर के ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध हो सके इसके लिए हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सके। जिससे बीमारियों से दूर होकर हर ग्रामीण स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम के अंत में अतिन्द्र मिश्रा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लवकांत मिश्रा, शैलेश मिश्रा, गिरिजा शंकर, अतुल कुमार, बलकरन, रामबाबू , प्यारेलाल, विजयकांत, रमाकांत सहित आदि ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सिलाई सीख स्वावलंबी बनेगी महिलाएं व बालिकाएं : मुकेश कोल

**ब्लॉक प्रमुख ने जमसोत गांव में पूजा सिलाई स्कूल का फीता काटकर किया उद्घाटन**



**कोरांव।** सिलाई स्कूलों में सिलाई सीखकर महिलाएं व बालिकाएं स्वरोजगार से जुड़कर स्वावलंबी बनेंगी। सरकार ने स्वावलंबी भारत मिशन अभियान भी चला रखा है। जिसको गति देने के लिए सिलाई स्कूल भी अहम भूमिका निभाएंगे। यह बातें विकासखंड कोरांव के जमसोत गांव में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने पूजा सिलाई स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने स्वावलंबी भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण युवतियों व महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें खुद आत्मनिर्भर बनाने की एक सराहनीय पहल है। जिसके दृष्टिगत गांवो में सिलाई स्कूल खोलकर महिलाओं को सिलाई के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे वे खुद स्वरोजगार से जुड़ेंगी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ने का काम करेंगी। संस्था विकास की ओर से रविवार को क्षेत्र के खिवली, पटेहरा एवं जमसोत गांव में सिलाई स्कूल का उद्घाटन कराया गया। जहां ग्रामीण महिलाओं युवतियों को निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य उमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि सरकार ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेकों योजनाएं चला रखी है। जरूरत है उन योजनाओं के बारे में जानकारी कर उनसे जुड़कर लाभ लेने की जिससे स्वावलंबी भारत अभियान सफल हो सके। इस दौरान प्रमुख रूप से संस्था विकास के जिला समन्वयक खेमराज सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य शंकराचार्य, जगदीश प्रसाद सिंह, लक्ष्मी शंकर सिंह, अरविंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### शोकाकुल परिवार से मिले विधायक करछना व्यक्त की संवेदना



**करछना।** के भडेवरा गांव निवासी रहे अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कमलेश प्रसाद ओझा का गत दिवस निधन हो गया था। जिससे परिजन शोका कुल है । शनिवार को करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद भडेवरा गांव में उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कमलेश प्रसाद ओझा एक शिक्षाविद् के अलावा यमुना पार के एक विख्यात ज्योतिषी के रूप में भी रहे। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती । इस मौके पर करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी भाजपा यमुना पार किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सेवालाल पटेल कमल मिश्र लक्ष्मी शंकर पांडेय अलख नारायण शुक्ल भाजपा नेता नरेश सोनकर संदीप तिवारी मोनू तिवारी कपिल तिवारी विकास पांडेय सुनील कुमार शुक्ल रामेश्वर द्विवेदी राजमणि विश्वकर्मा अरुण तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर किया स्वागत



**बारा/लालापुर।** बारा तहसील के अधिवक्ता भवन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन( भानू) की एक बैठक मण्डल अध्यक्ष राजीव चंदेल की अध्यक्षता में आहूत की गयी।बैठक में विधि प्रकोष्ठ के पदों पर नव नियुक्त मण्डल महासचिव विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता रुपेश त्रिपाठी व सुभाष शुक्ल को जिला मीडिया प्रभारी,आशीष मिश्र को जिला उपाध्यक्ष,हरिमोहन दिवेदी,प्रदीप दिवेदी,पंकज मिश्र,निर्भय शंकर दिवेदी,दिनेश कुमार निषाद,राहुल दिवेदी प्रशांत सिंह सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी,आनंद मिश्र सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### नवोदय में पीटीसी की बैठक 16 को

**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा में पीटीसी गठन हेतु आगामी 16 सितंबर को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है,जिसमें संस्था की प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी ने विद्यालय से जुड़े सभी अभिभावकों से निश्चित समय पर पहुंचने की अपील की है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्या ने बताया कि पीटीसी गठन का उद्देश्य विद्यालय व बच्चों की समस्याओं को सजा करना तथा हर गतिविधियों को विकसित करना है। परीक्षा / परख में विद्यार्थियों के परिणाम पर कक्षाध्यापक/विषयाध्यापक विद्यार्थीवार रिकार्ड संधारित करअभिभावकों से विमर्श करेंगे तथा उन्हें सुझाव देंगे एवं फीडबेक लेंगे। इसके अलावा सहशैक्षिक गतिविधियों, विद्यार्थी की रूचि एवं उपलब्धियों पर अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## रोडवेज बस की चपेट में आने से मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

**करछना।** प्रयागराज सोमवार सुबह करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर हाइवे पर गधियाव के पास सड़क पार करते समय एक मजदूर की रोडवेज बस की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जिसे करछना पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जानकारी के अनुसार गधिंयाव गांव का रहने वाला राकेश कुमार 25 वर्ष पुत्र रामबली जो मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता था,रोजी रोटी के लिए रिक्शा टाली चलाया करता था और गांव के पास स्थित एक टेंट हाउस की दूकान पर अक्सर टाली चलाया करता था और राकेश अविवाहित था सोमवार सुबह 10 बजे वह हाइवे से लगे अपने घर से पास स्थित पचदेवरा जा रहा था, कि उसी दौरान रोडवेज बस तेजी से जा रही थी जिसकी चपेट में आने से बस से कुचल कर उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,बस चालक बस छोड कर फरार हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने कैटिल कालोनी हेतु पशुमालिको के साथ बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**






**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत सभी पशुमालिकों के साथ सोमवार को नगर निगम के नवनिर्मित भवन में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम के समस्त अधिकारी पाषर्द तथा पशुमालिकों के साथ अन्य छोटे पशुडेरी संचालक आदि उपस्थित रहे।बैठक के दौरान नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा उपस्थित पशुमालिकों को अपने शहर प्रयागराज को स्वच्छ बनाये जाने आभार व्यक्त करते हुए नगर निगम प्रयागराज को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने की अपील की गयी।बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर द्वारा उपस्थित सभी पशुमालिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी महाकुम्भ में नगर निगम प्रयागराज को स्वच्छ बानये जाने की दिशा में हम सभी का योगदान जरूरी है जिसके लिए सभी पशुमालिकों से आग्रह है कि शहर को विकसित एवं सौन्द्रीयकरण किये जाने में विशेष योगदान देने हेतु कॉपरेट करे, जिस प्रकार आज शहर में नालियां गोबरों से पटी पड़ी है, मल मूत्र नाली-नालों में बह रहा, सड़कों गलियों में पशुबाडे से अतिक्रमण हो रखा है तथा सड़कों पर आवारा तथा पालतु पशुओं द्वारा गोबर इत्यादि से गन्दगी फैलाना आदि से आगामी महाकुम्भ में करोड़ों लोग इससे प्रभावित होगें तथा नगर निगम प्रयागराज तथा प्रदेश तथा देश की गरिमा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा साथ ही नगर निगम प्रयागराज की छवि भी धूमिल होगी। महापौर द्वारा कहा गया कि हमको बेहतर कल की ओर आगे बढना होगा, एवं स्वच्छता के द्दष्टिगत शहर को पशुविहीन किया जाना अति आवश्यक है। जिससे कि हमारा प्रयागराज साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रहेगा। महापौर द्वारा यह भी बताया गया कि पशुपालकों के विस्थापित होने से एक ओर अपना प्रयागराज स्वच्छ होगा तथा दूसरी ओर लघु उद्योगों के माध्यम से आपकी आय में बढौत्री भी होगी, पशुओं द्वारा उत्पन्न गोबर से बायों गैस की स्थापना का कार्य तथा उससे निर्मित, ईंधन, अगरबत्तियों तथा दीपों के निर्माण से आप सभी को अर्थिक रूप से गति भी प्रदान करेगा। इस हेतु रिलाइन्स से आये हुए प्रतिनिधी द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हम बायोंगैस प्लांट में गोबर सपलाई करके लाभ अर्जित कर सकते हैं, साथ ही अन्य सामग्रियों के निर्माण से भी लाभ अर्जित कर सकते हैं। महापौर द्वारा पशुमालिकों को आश्वस्थ किया कि विस्तारित क्षेत्रों में पशुमालिकों को उनके निवास से निकट ही भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। जहॉ पर पशुओं के लिए पेय जल, चिकित्सीय व्यवस्था तथा विद्युत की व्यव्स्था हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।नगर निगम के इस सराहनीय प्रयास से किसी भी पशुपालकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए हम संकल्पित है। सभी पशुओं को विस्थापित किये जाने की वृह्द स्तर पर कार्य योजना बनायी जा रही है, छोटे-बड़े पशुपालकों को कहॉ कितनी भूमि उपलब्ध करायी जानी है उसके लिए सर्वे कराकर सूची तैयार करायी जा रही है। पशुमालिकों के लिए विस्तारित क्षेत्रों के चारों दिशाओं- नैनी, झूंसी, फाफामऊ तथा बम्रौली क्षेत्र में कैटिल कॉलोनी हेतु भूमि चिन्हित करने हेतु नजूल विभाग को निर्देशित किया गया है।

## साथी ने ही की थी इंजेक्शन की कई डोज लगाकर कारोबारी की हत्या, पकड़े जाने पर हुआ खुलासा

**प्रयागराज।** दवा कारोबारी पवन कुमार भारतीया की हत्या उसके साथी संजय शर्मा ने ही की थी। शराब पीने के दौरान कहासुनी के बाद साथी ने एविल इंजेक्शन के कई डोज लगाकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने रविवार को हत्या के आरोपी संजय शर्मा को मेजारोड से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर दवा कारोबारी की गायब बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया।छह सितंबर की सुबह मेजा और मांडा की सीमा पर भरारी गांव के पास हाईवे पर करछना देवरी कला गांव के कारोबारी पवन कुमार भारतीया (35) की लाश मिली थी। दवा कारोबारी पवन कटका बैरियर के पास दवा की दुकान चलाते थे। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई की तहरीर पर संजय शर्मा सहित तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश कर रही थी।पुलिस ने मुताबिक आरोपी संजय शर्मा ने बताया कि दवा कारोबारी पवन कुमार भारतीया के साथ पांच सितंबर को कटका बैरियर से बाइक से मांडा गया था। वहां से लौटते वक्त रात में भरारी गांव के पास सड़क के किनारे दोनों लोग शराब पी। संजय ने बताया कि शराब पीने के दौरान पवन से कहासुनी हो गई। उसने पवन को एविल इंजेक्शन के कई डोज लगाकर मौत की नींद सुला दी।

## रोडवेज चालक ने बस के अंदर फांसी लगाकर दी जान

**परिजनों ने आरएम पर उत्पीड़न का लगाया आरोप**

**प्रयागराज।** कोतवाली क्षेत्र स्थित जीरो रोड बस अड्डे पर रविवार रात बस में चालक वेद प्रकाश यादव (35) ने फांसी लगाकर जान दे दी। आधी रात कंडक्टर ने शव फंदे पर लटका देखा तो घटना की जानकारी हुई। सुबह पहुंचे परिजनों ने आरएम बांदा डिपो पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।वेदप्रकाश दतौरा, थाना बबेरू, जनपद बांदा का रहने वाला था। वह रोडवेज में संविदा चालक था। रविवार रात वह बांदा डिपो की बस लेकर जीरो रोड बस अड्डे पर पहुंचा। खाना खाने के बाद कंडक्टर बस में ही अगली सीट पर सो गया। रात करीब एक बजे उसकी नींद खुली तो वेद्रप्रकाश बस में ही पीछे की ओर छत पर लगी लोहे की रॉड में गमछे से बने फंदे पर लटका मिला।उसने बस अड्डे में तैनात कर्मचारियों को बताया तो वह भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद सूचना दी गई तो कोतवाली थाने से एसआई सुमित श्रीवास्तव मय फोर्स आ गए। जांच पड़ताल के बाद परिजनों को खबर की गई और शव मर्चरी भेजवा दिया गया। इससे पहले फील्ड यूनिट को भी बुलवाया गया और वीडियोग्राफी भी कराई गई।कोतवाली के प्रभारी थानाधयक्ष आकाश सचान ने बताया कि सुबह पहुंचे मृतक के साले लवनेश व अन्य परिजनों ने बांदा डिपो के आरएम पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहा कि वह बार-बार नौकरी से निकालने को धमकाते थे और रुपयों की मांग करते थे। हालांकि फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी है।

**आखिरी बार पत्नी से की थी बात :** सूत्रों के मुताबिक, जांच पड़ताल के दौरान चालक के पास पुलिस को उसका मोबाइल फोन मिला। कॉल डिटेल देखने से पता चला कि रात 12:30 बजे के करीब उसने आखिरी बार पत्नी से बात की थी। हालांकि उससे क्या बात हुई, इसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने इस बारे में मृतक के भाई व अन्य परिजनों से पूछा तो वह भी कुछ बता नहीं पाए। कहा कि पति की मौत की खबर मिलने के बाद उसकी पत्नी बेसुध हो गई। फिलहाल पुलिस ने मोबाइल कब्जे में ले लिया है।

# रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई विज्ञापन नीति को वापस लेने के लिए प्रकाशकों व पत्रकारों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**







**प्रयागराज।** सोमवार को जर्नलिस्ट एवं पब्लिशर एसोसिएशन (जे.पी.ए.)व मीडिया मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वप्रथम नवागंतुक डीएम प्रयागराज को बुके देकर उनका स्वागत किया । तत्पश्चात रेल बोर्ड द्वारा लागू की गई नई विज्ञापन नीति को वापस लेने के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल को सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से प्रकाशकों व पत्रकारों ने यह मांग किया की इस जनविरोधी नीति को भारत सरकार तत्काल वापस ले कर पुरानी नीति को उसी तरह बहाल करें।जेपीए अध्यक्ष अनुपम शुक्ला व सयोजक के के श्रीवास्तव के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र के दिशा निर्देशन में डीएम को सौंपने गये इस ज्ञापन के दौरान काफी संख्या में पत्रकार व प्रकाशक मौजूद रहें ।डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल ने ज्ञापन लेते हुए यह आश्वासन दिया कि इस ज्ञापन को हम प्रधानमंत्री को प्रेषित कर आप सबकी समस्याओं से अवगत कराएंगे।

ज्ञात हो कि दिनांक 31.08.2023 को रेल बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन नीति में व्यापक फेरबदल किया गया है। अभी तक रेलवे के 17 जोन अपने यहां से विज्ञापनों का सीधा प्रकाशन करवाते थे तथा रेलवे की खबरों को प्रमुखता से कवरेज के अनुसार छोटे व मझोले सभी समाचार पत्रों को विज्ञापन दिया जाता था जिसके कारण सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा था। रेलवे बोर्ड द्वारा अचानक विज्ञापन नीति में परिवर्तन करते हुए विज्ञापन प्रसारित करवाने का अधिकार ऊअश्ढ को दे दिया गया। ऊअश्ढ विगत 3 वर्षों से छोटे व मझोले समाचार पत्रों को विज्ञापन ना के बराबर या नहीं दे रह है। डीएवीपी में दलालों का बोलबाला व्यापक तौर पर है। रेलवे से मिलने वाले विज्ञापनों की आय से देश में हजारों समाचार पत्र निकलते हैं तथा लाखों लोग इसमें कार्य करते हैं जिससे वह अपने परिवार तथा कर्मचारियों का भरण पोषण करते हैं रेलवे की उक्त नीति लागू हो जाने से करोड़ों लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच जाएंगे व लाखों युवा बेरोजगार हो जाएंगे इससे सरकार की छवि पर सीधा असर पड़ेगा और विपक्ष को एक मुद्दा भी मिल जाएगा इस नीति को लागू करने में रेलवे का भी कोई हित दूर तक नहीं दिखाई देता । ज्ञापन के माध्यम से अखबार मालिकों व पत्रकारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह मांग किया कि प्रधानमंत्री जी रेलवे बोर्ड के नई जन व सरकार विरोधी विज्ञापन नीति को वापस लेने व पुरानी नीति को लागू करने का कष्ट करें, तथा डीएवीपी को छोटे व मझोले समाचार पत्रों को भी विज्ञापन देने के लिए एवं सरकार की नीति के मुताबिक ₹जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी₹ के तहत पुरानी नीति को बदलने जिसमें बिग 50% मीडियम 35% तथा स्मॉल 15% विज्ञापन देने की नीति को लागू करने का प्रावधान है। देश में 70% छोटे व मझोले समाचार पत्र हैं जिसे संख्या बल के आधार पर विज्ञापन बजट का 50 % छोटे समाचार पत्रों के आवंटन का आदेश देने की कृपा करें। लाखों परिवार आपका आभारी रहेगा ।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मुनेश्वर मिश्रा, अनुपम शुक्ला, के.के. श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, अनुराग त्रिपाठी ,कुन्दन श्रीवास्तव, अमरनाथ राय, कमलेश मिश्र, परवेज आलम, अमरदीप चौधरी, सुशील चौधरी,कमल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव,वैभव शंकर,डॉ सुधाकर पाण्डेय, जेपी श्रीवास्तव, शिवेश राय, सतीश कुमार गुप्ता , राजेश सिंह,सुधाकर पाण्डेय, राजेश कुमार गोस्वामी,उमेश श्रीवास्तव,अजित कुमार गुप्ता अखिलेश शुक्ला, मनोज कुमार , विमलेश मिश्रा, रघुबीर सिंह,गगन सिंह , अंकित चौरसिया,शैलेश यादव, विक्की गुप्ता,सोनू विशाल, रवि शुक्ला,धर्म यादव, संतोष चटर्जी,फारूख कुरैशी, सुधाकर नाथ आदि लोग मौजूद रहे।

# हापुड़ लाठीचार्ज मामला : इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों ने किया प्रदर्शन, अदालती काम का किया बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में वकीलों का गुस्सा ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह और सचिव नितिन शर्मा के नेतृत्व में वकीलों ने हाईकोर्ट के गेट नंबर तीन पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। काफी देर तक गेट नंबर तीन को नहीं खोलने दिया गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि वकीलों को न्याय मिलना चाहिए। जब तक न्याय नहीं मिलता है तब तक वकील शांत नहीं बैठेंगे। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता कार्य से विरत हैं। इसी तरह कचहरी, तहसील और ट्रिब्यूनल के अधिवक्ताओं ने भी न्यायिक कार्य नहीं किया। मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट ने गठित की है कमेटी। इस मामले में एसआईटी के गठन कर दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट 15 सितंबर को हाईकोर्ट में पेश की जानी है। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने वकीलों की मांग के संबंध में छह सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर दिया है, जिसमें तीन हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शामिल हैं। यह कमेटी न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित की गई है। इसमें सदस्य के तौर पर यूपी के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र के अलावा यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ और इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह शामिल हैं।

**सोमवार से शुरू होना था कामकाज, लेकिन नहीं बनी बात**

शनिवार को बार काउंसिल ने आंदोलन की रणनीति तैयार कर सोमवार से काम पर वापस लौटने की घोषणा की थी, लेकिन इस पर मतभेद उत्पन्न हो गया। जिससे सोमवार से कामकाज शुरू करने असमंजस कायम हो गया। उधर, लखनऊ हाईकोर्ट बार और अन्य अर्ध न्यायिक अदालतों के वकीलों ने सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का एलान कर दिया है। इसको देखते हुए बार काउंसिल की बैठक रविवार को रात्रि नौ बजे बुलाई जिसमें कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया।

**हाईकोर्ट के साथ कचहरी और तहसील के वकील नहीं कर रहे काम :** हापुड़ लाठीचार्ज मामले में बार काउंसिल के अहवाहन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट और जिला अधिवक्ता संघ ने भी सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा कर दी है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रेस अमरेंदु सिंह और जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री विद्या वारिधि मिश्र ने बताया की बार काउंसिल के दिशानिर्देश पर वकील सोमवार को अदालती कार्य नहीं करेंगे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ की तहसील इकाई घोषित

**करछना।** प्रयागराज उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव के निर्देश पर जनपद प्रयागराज के तहसील अध्यक्षों का मनोनयन कर दिया है। जिनमे सन्ध्या कुशवाहा (कोरांव), ईशा श्रीवास्तव (करछना), अरविन्द यादव (बारा), राकेश कुशवाहा (मेजा), सुरेंद्र कुमार यादव (हण्डिया), मनोज पाल (सोरांव), नन्दलाल यादव (फूलपुर) के तहसील अध्यक्ष तथा कविता यादव को महानगर अध्यक्ष प्रयागराज का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त अजय कुमार यादव (उरुआ )अमित सिंह (माण्डा), राजेश कुमार पटेल (शंकरगढ़), कुंवर आलोक सिंह (मेजा) तथा शिवमोहन पटेल (कौधियारा) के ब्लाक अध्यक्ष मनोमित किये गये है। इस आशय की जानकारी संघ के जिला प्रवक्ता सी.पी. मिश्रा ने दी है।

## न्यूज झरोखा

### घर के अंदर सर्पदंश से बच्चे की मौत



**नैनी।** नैनी के डेज मेडिकल तिराहे के पास रहने वाले बिजनेसमैन मनोज कुमार ओझा के तीन बच्चे हैं। अपर्णा, देवांश व वेदांत रविवार को सबसे छोटा वेदांत अपनी मां के साथ कमरे में खेल रहा था। उसी दौरान एक जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। परिजन उसे पहले नजदीकी अस्पताल ले गए, उसके बाद उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। आरोप है कि एसआरएन मे चिकित्सकों ने वेदांत का इलाज करने की बजाए उसे चिल्ड्रेन हास्पिटल ले जाने को कहा। जैसे ही परिजन उसे चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ले गए वैसे ही उसने दम तोड़ दिया। आरोप है कि एसआरएन में इलाज मिल जाता तो वेदांत आज अपने परिवार के साथ होता। सोमवार को वेदांत को केले के पत्ते में चांड़ी घाट पर प्रवाहित कर दिया गया।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम संपन्न हुआ



**नैनी।** नैनी आनंद नगर में माटी को नमन वीरों को वंदन मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम नैनी आनंद नगर में संपन्न हुआ घर घर माटी और अक्षत संग्रह किया गया जिसने वार्ड अध्यक्ष समर सिंह एसपी ओ प्रभारी अभय राज सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष हरी कृष्ण तिवारी मंडल प्रभारी राजन शुक्ला श्याम मिश्रा अरविंद राय विमल शिव दानी सिंह विनय सिंह राजेंद्र केसरवानी टीपी तिवारी प्रदीप कुमार धीरज मिश्रा सुधीर श्रीवास्तव

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जूरिडिक्शनल मजिस्ट्रेट को महिला सिपाही का बयान दर्ज करने का आदेश दिया

**प्रयागराज।** सरयू एक्सप्रेस में महिला सिपाही के ट्रेन की फर्श पर लहूलुहान मिलने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जूरिडिक्शनल मजिस्ट्रेट को आदेश दिया है कि वह अस्पताल जाएं और घायल महिला सिपाही का बयान दर्ज करें। इस केस की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस की खंडपीठ ने अगली डेट 13 सितंबर कर दी है। यानी कल फिल इस मामले कर सुनवाई होगी।चीफ जस्टिस प्रतिनकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने कहा कि इस स्टेज पर हमें कोई संदेश नहीं है की इन्वेस्टीगेशन की कार्रवाई सही दिशा में चल रही है और जल्द ही इसका रिजल्ट सामने होगा फिर भी हम यह पाते हैं कि जो घायल महिला सिपाही है उसका बयान सीआरपीसी 161 और सीआरपीसी 164 के तहत दर्ज नहीं किया गया है, जबकि यह एक महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकता है। जांच में भी महिला सिपाही के बयान से मदद मिल सकती है। महिला के बयान से जांच की दिशा भी तय हो सकती है। गौरतलब है कि अयोध्या के पास सरयू एक्सप्रेस में एक महिला कांस्टेबल खून से लथपथ बर्थ के नीचे फर्श पर पड़ी मिली थी। उसके कपड़े भी अस्त व्यस्त थे वह अर्धनग्न अवस्था में थी। अपने आप से वह चल भी नहीं पा रही थी। उसके चेहरे और शरीर में कई जगहों पर गहरे घाव के निशान थे। यह घटना कुछ यात्रियों ने देखी और उन्होंने पुलिस को रिपोर्ट किया।महिला को सुबह 4:00 बजे सरयू एक्सप्रेस से अयोध्या में उतारा गया। हालत काफी नाजुक होने के बाद उसे लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन है। अभी बाकी वाली चारों से ही बात कर पाती है बोल पाने में सक्षम है।

## कक्षा 5 की छात्रा के साथ शिक्षक ने की छेड़खानी

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** विकासखंड कोराव के उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरी खुर्द की छात्रा ने एक शिक्षक पर छेड़खानी व दुराचार का आरोप लगाया है। छात्रा के बयान के आधार पर पिता के द्वारा शिक्षक के विरुद्ध कोरांव थाने में नामजद तहरीर दी गई है। आरोपी शिक्षक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी शिक्षक प्राथमिक विद्यालय कोईलरिहा में बतौर सहायक अध्यापक कार्यरत है। उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरी खुर्द में कक्षा एक से कक्षा तीन तक के परिषदीय विद्यालयों की नेट परीक्षा का आयोजन था। बतौर पर्यवेक्षक सहायक अध्यापक कोईलरिहा राघवेंद्र शुक्ला उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरी गए हुए थे। जहां वे कक्षा एक से तीन के क्लास रूम में न जाकर कक्षा 5 के क्लास रूम में गए और एक छात्रा के साथ छेड़खानी व दुराचार करने लगे। छात्र के बयान के बाद पिता के द्वारा नामजद तहरीर कोराव थाने में दी गई है। समाचार लिखे जाने तक कोराव पुलिस मामले की तफसीस में जुटी थी। इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि छात्रा के पिता के द्वारा शिक्षक के विरुद्ध नामगत हरी दी गई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है शिक्षक छात्र के पिता की तहरीर के आधार पर शिक्षक के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरी में कार्यरत अन्य अध्यापकों से बात की गई तो उन्होंने भी मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि छात्रा के बयान के आधार पर शिक्षक दोषी है। निश्चित तौर पर उसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने व वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में निर्देशन में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र सुभाष सिंह के नेतृत्व में स्थानीय थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 159/23 धारा 419/ 420/ 467/ 468/471/ 504/506 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त शिव प्रसाद पुत्र बेचन राम निवासी ईसी 101 एडीए कालोनी नैनी थाना नैनी प्रयागराज स्थायी पता ग्राम गोबरहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा सोमवार को एडीए मोड़ के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत थाना पुलिस टीम द्वारा अग्रिम करवाई जारी है।

# अतीक-अशरफ हत्या मामले में अब 3 अक्टूबर को सुनवाई

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के दो नाबालिग बच्चों के कस्टडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में अब 3 अक्टूबर को सुनवाई होगी। ये याचिका अतीक अहमद की बहन ने उच्चतम न्यायालय में दायर की है। हालांकि इससे पहले बीते 28 अगस्त को इस मामले की सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल की गई थी। इसके वकील केसी जॉर्ज ने अदालत को सौंपा था।अतीक अहमद के बेटे फिलहाल प्रयागराज स्थित बाल सुधार गृह में हैं। अतीक की बहन शाहीन अहमद ने बच्चों की कस्टडी की मांग किया है। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। वहीं बंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट के बाद यूपी सरकार और अतीक अहमद की बहन को जवाब देने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट में अतीक अहमद के दो नाबालिक बच्चों की कस्टडी के मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षकारों से जवाब देने के लिए कहा था।

**पढ़ने में अच्छे थे बच्चे :** कोर्ट में शाहीन अहमद द्वारा दायर याचिका उन्होंने कोर्ट को बताया गया था कि बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ने जाते थे। याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दोनों बच्चे अच्छी अंग्रेजी बोलते हैं। दोनों बच्चे राज्य से बाहर जाना चाहता हैं और उनको आसपास के हालात के बारे में पता है। दरअसल, अतीक अहमद की बहन शाहीन अहमद ने अतीक के दोनों नाबालिग बच्चों की कस्टडी की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। हालांकि इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पहले ही फैसला सुना दिया था। जिसके बाद शाहीन अहमद ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से बच्चों की कस्टडी दिए जाने से इनकार करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**15 अप्रैल को हुई थी हत्या**

गौरतलब है कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या इसी साल 15 अप्रैल को प्रयागराज में गोली मारकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड के तीनों आरोपियों को घटना स्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था। तीनों ही आरोपी अभी जेल में हैं। बता दें कि अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल और अशरफ अहमद को बरेली जेल से प्रयागराज लाया गया था।

# बदमाशों ने गोली मारकर अधेड़ को मौत के घाट उतारा, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने मंदिर से घर लौट रहे एक अधेड़ को गोली मार कर हत्या कर दिया। गोली की आवाज सुनकर मृतक का बेटा बचाने के लिए दौड़ा तो उस पर भी जानलेवा हमला किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अकारीपुर गांव का रहने वाला श्याम शंकर तिवारी पुत्र स्वर्गीय रामजीत तिवारी घर से कुछ दूर बने सती माता मंदिर से घर की तरफ खाना खाने के लिए रात 9 बजे घर आ रहा था। वह घर के दरवाजे पर पहुंचा ही था कि दुर्गेश पांडे पुत्र रामकरण पांडे निवासी ग्राम धौरहरा अपने दो साथियों के साथ श्याम शंकर के सामने पहुंचा और ताबड़तोड़ गोलियों से हमला कर दिया। गोली की आवाज सुनकर मृतक का बेटा शुभम घर से बाहर निकला और आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो पिस्टल से उसके ऊपर भी हमला किया गया, लेकिन वह किसी तरह बच गया। हैलोजन लाइट की रोशनी से शुभम आरोपियों को पहचान गया। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले शुभम अपने पिता को एंबुलेंस की सहायता से प्रतापगढ़ अस्पताल ले गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के बेटे शुभम की तहरीर पर दुर्गेश पांडे पुत्र रामकरण पांडे निवासी धौरहरा तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, गाली गलौज जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## मां के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अदुल शाहिद ने हत्या के एक अभियुक्त मलखान पटेल सुत सभापति पटेल निवासी सूबेदार का पुरवा परसई थाना नवाबगंज, जिला प्रतापगढ़ को हत्या के आरोप में आजीवन की कारावास की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया। जुमार्ना की आधी राशि शिकायतकर्ता रेनू पटेल को दी जाएगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। बता दें कि रेनू पटेल पुत्री सभापति पटेल निवासी सुबेदार का पुरवा परसई थाना नवाबगंज ने थाने में लिखित तहरीर दिया कि दो फरवरी 2020 की रात बारह बजे मेरे भाई मलखान पटेल ने मेरी मां प्रेमा देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दिया। उस समय घर पर कोई नहीं था। सुबह जब हम घर पहुंचे तो मैंने मां को मरा हुआ पाया। भाई मलखान पटेल ने मेरी मां को मार डाला है। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार शर्मा व सहायक शासकीय अधिवक्ता विक्रम सिंह ने किया।

## कुएं में उतराता दिखा वृद्ध का शव

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमरगढ़ कोट गांव में कुएं में एक वद्ध का उतराता हुआ शव दिखाई दिया। इस पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर इलाकाई पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान कुएं से वद्ध के शव को बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

## हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधेड़ की धारदार हथियार से हुई हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत मे लेकर न्यायालय भेज दिया। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह के साथ सोमवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच रायपुर तियाई से पुलिस ने हाल ही में पूरे छत्तू गांव में अधेड़ की हत्या के एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी पूरे छत्तू के ही रामसुख सरोज के पुत्र अमरजीत को पुलिस ने हत्या के आरोप में दोपहर बाद जेल भेज दिया। बतादें बीती ग्यारह अगस्त को घर के बाहर सोते समय गांव के विनोद कुमार पर आरोपियों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इलाज के दौरान पिछले सप्ताह शुक्रवार को विनोद की प्रयागराज में मौत हो गयी थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को घटना को लेकर पहले से दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमें में हत्या की धारा भी बढ़ायी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि एक आरोपी जेल भेजा गया है। शेष की भी पुलिस ने शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया है।

## मोबाइल चोरी का गैंग धराया, तीन फोन बरामद करने में कामयाबी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस को मोबाइल चोरी के एक गैंग को चोरी गये तीन मोबाइल समेत धर दबोचने में सोमवार को बडी कामयाबी मिली है। एसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने सोमवार को पुलिस को सुबह सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिये।

दरोगा केशव प्रसाद मय फोर्स के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ वाराणसी के वर्मा नगर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस बीच संदिग्धों की क्षेत्र में होने की पुलिस को गोपनीय सूचना मिली। दरोगा केशव प्रसाद ने फोर्स के साथ तीन संदिग्ध युवकों का पीछा किया। पड़री गांव के समीप तीनों युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिसिया पूछताछ में रायबरेली जिले के ऊंचाहार निवासी तीरथपाल के पुत्र सोनू भारती तथा लालगंज के पड़री निवासी किशोरी के पुत्र बंटी सरोज तथा

### पुलिस ने आरोपियों को भेजा न्यायालय

शंकर लाल के पुत्र लवकुश कोरी आपराधिक वारदातों में लिप्त पाये गये। तलाशी लेने पर तीनों युवकों के पास से चोरी गये अलग अलग तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों ने दो फोन लालगंज बाजार से चोरी होना कबूल किया है। वहीं एक आरोपी ने नया का पुरवा से मोबाइल उडाने की बात पुलिस से कबूल की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को चोरी के मुकदमें में माल की बरामदगी को लेकर दोपहर बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस की कामयाबी पर जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने सराहना भी की है। गौरतलब है कि लालगंज पुलिस को हाल ही में चोरी गये चार दर्जन से अधिक मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिल चुकी है।

## भैंस चोरों के विरुद्ध पीड़ित ने दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रात में भैंस चोरी हो जाने के मामले में भैंस चोरी करने वाले की चप्पल तथा रस्सी वहीं पर छूट गई जिस पर पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव के रहने वाले उमाशंकर मौर्य की भैंस को गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने खोलकर चोरी कर लिया। इस दौरान चोरी करने वाले युवक की चप्पल तथा रस्सी वहीं पर छूट गई। पीड़ित ने उसकी पहचान करते हुए नामजद शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सदर विधायक ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

### विधायकगण, डीएम, सीडीओ ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश



हादीहाल में आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करते सदर विधायक राजेन्द्र मौय।

**प्रतापगढ़।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगायी गयी उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं विकास गाथा को प्रदर्शित करते हुये उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने तक की विकास की गाथा बताती हुई तीन दिवसीय प्रदर्शनी शहर के तुलसीसदन प्रांगण में प्रारम्भ हुई, प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित मो0 अनीस, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी, जनसामान्य, विद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान तुलसीसदन में लगायी गयी भव्य प्रदर्शनी का विधायकगण, अधिकारीगण, विद्यालय के छात्र-छात्रायें, जनसामान्य ने अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर विधायक सदर ने जनसामान्य से कहा है कि तुलसीसदन में उ0प्र0 शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्णयों, विकास कार्यक्रमो, एवं सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास विषयक तीन दिववसीय प्रदर्शनी का अधिक से अधिक संख्या में पहुॅचकर अवलोकन करें एवं उ0प्र0 शासन द्वारा योजनाओं, उपलब्धियों एवं नीतियों की जानकारी प्राप्त करें, यह प्रदर्शनी 13 सितम्बर तक तुलसीसदन में स्थापित रहेगी।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान में सांसद अमृत कलश लेकर घूमे

### हीरागंज बाजार में सांसद ने घर घर किया सम्पर्क

अखंड भारत संदेश



अमृत कलश के साथ सांसद विनोद सोनकर।

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न में अब गांव एवं शहर में वीर शहीदों को नमन करने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत रविवार को देर शाम कौशाम्बी लोकसभा के सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर हीरागंज बाजार पहुंचे, जहां पर कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षक विजय शंकर पाण्डेय के घर से चावल, राम नरेश ने मिट्टी अमृत कलश में डाला।

सांसद ने कहा कि प्रत्येक गांव, नगर में ऐसा आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरे देश में अमृत कलश लेकर निकल रहे है। यह अभियान 8 सितंबर से 13 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के योजनाएं समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य करें। नगर पंचायत हीरागंज बाजार के जगापुर, हीरागंज, फतेहनगर, वार्ड में सांसद विनोद सोनकर अमृत कलश लेकर घर घर सम्पर्क किए। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष आशुतोष मणि द्विवेदी,मनोज पटेल, आनन्द शंकर पाण्डेय,मयंक तिवारी, ज्ञानेन्द्र मौर्य, रमन पाण्डेय, विपुल तिवारी, जगत तिवारी, जितेन्द्र मिश्र, धर्मेन्द्र त्रिपाठी,राहुल तिवारी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, छेदी लाल गौतम, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर खास में सुदृढ़ दिखेंगी मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ी चिकित्सीय सेवाएंः प्रमोद तिवारी

## सांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश




सांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की उत्तरो×र प्रगति तभी सम्भव है जब लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंनें कहा कि इस समय मानव की आयु का औसत लगभग सत्तर वर्ष के मानक पर दिख रहा है। ऐसे में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मानव जीवन को संरक्षित करने वाली चिकित्सा पद्धति को और मजबूत तथा प्रबंधन के क्षेत्र को भी पारदर्शिता पर जोर दिया।

सोमवार को सांगीपुर बाजार में नीलेश हास्पिटल का समारोहपूर्वक उदघाटन करते हुए उन्होनें कहा कि सरकारी चिकित्सा सेवा क्षेत्र में सरकार को प्रत्येक दशा में चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ तथा चिकित्सा संसाधनों के अभाव की दयनीय दशा से उबारा जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि किसी भी सभ्य राष्ट्र और समाज के लिए यह चिंताजनक है कि हम ट्रामा सेण्टर तथा इमरजेन्सी चिकित्सा सेवा के क्षेत्र को भी अभी तक चिकित्सा विशेषज्ञों और जरूरत के हिसाब से पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती से संतृप्त नहीं कर पा रहे हैं। उन्होनें नीलेश हास्पिटल की जनउपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए भरोसा जताया कि निजी चिकित्सा क्षेत्र की सेवाएं भी मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाने में मिशन की तरह सामने दिखेंगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों से गरीब और कमजोर तबके के इलाज में मानवीय करूणा तथा सेवाभाव को सर्वोच्च प्राथमिकता का आहवान भी किया। कार्यक्रम में सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू व लालगंज टाउन एरिया चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शिक्षा मनीषी पं. चंद्रमौलि पाण्डेय व संचालन पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। संयोजन समिति के राजकुमार पाण्डेय, शिव कुमार पाण्डेय तथा भानु प्रताप पाण्डेय, डा. शशि पाण्डेय, डा. आरती पाण्डेय ने राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर जनसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया। डा. विजय यादव व डा. अरविन्द यादव ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अमरनाथ पाण्डेय, दृगपाल यादव, डा. अमिताभ शुक्ल आदि रहे।

## प्राथमिक शिक्षकों ने की वेतन भुगतान की मांग

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



बीएसए को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षकगण।

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा किये गए अंतर्जनपदीय तवादले के तहत जिले में आये शिक्षकों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अन्य कुछ जनपदों की तरह उनको भी बेतन भुगतान किए जाने की कार्यवाही की मांग की है।

बता दें कि बीते जून महीने में प्रदेश में सरकार की नीति के तहत प्रदेश के बेसिक शिक्षकों का अंतर्जनपदीय तवादला किया गया था जिसमे प्रदेश के अन्य जनपदों से करीब 453 शिक्षकों का तवादला प्रतापगढ़ जनपद में किया गया था। जिनमे बहुसंख्यक शिक्षकों ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही जिले में अपनी आमद भी करवा ली थी पर करीब दो माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी न तो इन शिक्षकों को विद्यालय आवंटन हो सका है और न ही इनको बेतन भुगतान की प्रक्रिया ही शुरू की जा सकी है जब कि पूर्व के कार्यरत जनपदों से इनके अंतिम बेतन भुगतान प्रमाण पत्र भी जिले के वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय आ चुके है। तथा प्रदेश के कई जनपदों में इन शिक्षकों के बेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। वैसे विभाग द्वारा शिक्षकों के विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है और 16 सितम्बर को इसकी तिथि निश्चित है, पर बेतन भुगतान न होने से शिक्षकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था। पैसे के अभाव में यह शिक्षक न तो बैंकों से लिये गए लोन की अदायगी कर पा रहे है और न ही अपने परिजनों की जरूरत ही पूरी कर पा रहे है। शिक्षकों के समूह ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर यहाँ भी अन्य जनपदों की तरह बेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

# हापुड़ में डीएम व एसपी के तबादले की जिद पर अड़े वकीलों का प्रदर्शन जारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हापुड़ में पुलिस द्वारा वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर सोमवार को भी यहां तहसील में राजस्व तथा दीवानी अदालत में विरोध का सुर मुखर दिखा। अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी की अगुवाई में आमसभा में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। आमसभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि बार कौंसिल को हापुड़ में डीएम व एसपी के तबादले तक अधिवक्ताओं के आन्दोलन को और तेज बनाए जाने की रणनीति तय करनी चाहिए। रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हापुड़ में हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस अफसरों व कर्मियों पर लाठीचार्ज को लेकर वकीलों की ओर से आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ है। इस मौके पर संतोष सिंह, विनोद शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, विपिन शुक्ल, सुशील शुक्ल, प्रवीण यादव, हरिश्चंद्र पाण्डेय, विनोद मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, राजेश सरोज, रोशन सरोज, मो. ईसा, हरिकेश पटेल, शिव नारायण शुक्ल, दिनेश मिश्र, सतेश सिंह, दिनेश सिंह, प्रभाकर पाल, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, संजय ओझा, अंजनी मिश्र, पवन पाण्डेय, केके शुक्ल, वसीमुददीन खां, अबरार अहमद, विनय शुक्ल, विनय जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## धरती हरा बनाओ अभियान के तहत हुआ पौधरोपण, दी गई जागरूकता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के महराज का पुरवा में ब्रहादेव जागरण मंच के तत्वाधान में सोमवार को धरती हरा बनाओ अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत मंच के प्रदेशीय महामंत्री पं. वज्रघोष ओझा के संयोजन में पौधरोपण किया गया। अभियान में ग्रामीणों की भी उत्साहजनक भागीदारी दिखी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी ने आत्मदाह का निर्णय किया स्थगित

**प्रतापगढ़।** सेवानिवृत्त चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी इण्टर कालेज मानिकपुर, प्रतापगढ मो0 हसनैन द्वारा सेवानिवृत्त के 11 माह तक पेंशन का भुगतान न किये जाने से इण्टर कालेज मानिकपुर, प्रतापगढ के प्रबंधक के हठधर्मिता से कुपित होकर अपने पत्र के माध्यम से पेंशन भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री महोदय के आवास के सामने आत्मदाह करने का निर्णय लेते हुए सूचना प्रेषित की गई थी, जिस पर शासन, प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेंशन भुगतान की प्रकिया प्रारंभ करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ ने अपने पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थी के पेंशन की पत्रावली स्वीकृति हेतु उप शिक्षा निदेशक (मा0) चतुर्थ मंडल, प्रयागराज को इस कार्यालय को प्रेषित कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन, प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए पीड़ित द्वारा लिया गया आत्मदाह का निर्णय अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है, जिसके सम्बन्ध में शासन प्रशासन को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने आग्रह किया है।

## मन्दिर व मेला व्यवस्था समितियों का पुनर्गठन 17 सितम्बर को

### भयहरणनाथ धाम में सावन व अधिकमास मेला की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



समीक्षा बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध संस्था भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा सावन व अधिकमास मेला की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल तथा संचालन महासचिव समाज शेखर ने किया। सावन व अधिकमास में पुलिस, नगर पंचायत तथा प्रबन्ध समिति सहित व्यवस्था व सेवा समितियों के योगदान की सराहना हुई। वहीं तय हुआ कि धाम व मन्दिर की सुव्यवस्था पारदर्शी तरीके से सभी के सहयोग व भागीदारी से निरंतर मंगलवार मेला में भी होती रहे।

बैठक में तय हुआ कि धाम में मेलों के सुव्यवस्था हेतु प्रशासन के निर्देश व सार्वजनिक निर्णय द्वारा 2011 से गठित श्री भव भयहरणनाथ धाम मन्दिर व मेला व्यवस्था उप समितियों को 17 सितम्बर को सार्वजनिक बैठक बुलाकर पुर्नगठित किया जाए। इच्छुक अनुभवी व्यक्तियों तथा युवाओं को नियमानुसार उक्त समितियों में बरीयता दी जायेगी। सूचना व भागीदारी हेतु अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल तथा उपाध्यक्ष संगठन डा0 अमर बहादुर सिंह को जिम्मेदारी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ने प्रबन्ध समिति को फोन पर बताया कि हमने अपनी तरफ से एक सफाई कर्मी को प्रबन्ध समिति के प्रशासनिक कार्यालय में लगा दिया है। बैठक में महन्त हरि चैतन्य महराज बिच्छू बाबा, संरक्षक गण देवी प्रसाद मिश्र, लालता प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष संगठन डा0 अमर बहादुर सिंह, महासचिव समाज शेखर, सचिव संगठन राज किशोर मिश्र, सह कोषाध्यक्ष कमलेश बैश्य, पूर्व मेला व्यवस्थापक कमला कान्त मिश्र, कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र व प्रबन्ध समिति सदस्य राम मूर्ति मिश्र, प्रभाकर पांडेय, राम पूजन पटेल, चन्दन तिवारी, राज कुमार मिश्र, सी0 बी0 सिंह, युवा नेता गुरू ओम मिश्र व ब्रम्हा ओम मिश्र ने प्रयागराज क्षेत्र से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

## खबर संक्षेप

### हादसे में ट्रक ड्राइवर खलासी सहित चार गंभीर घायल

**कौशाम्बी** महेवाघाट थाना अंतर्गत मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सरसवा विकासखंड कार्यालय के ठीक सामने सोमवार की भोर लगभग 3:00 बजे एक ट्रक और एक डंपर की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई ट्रक और डंपर के ड्राइवर और खलासी को चोटें आई है सूचना के आधार पर डायल 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस 108 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायलों का इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक अमरीश पुत्र दिलीप निवासी झांसी महेवाघाट से बालू लेकर सड़क के उलटे साइड से आ रहा था इसी बीच लल्लन पुत्र दयाराम निवासी नौवा बाग,फतेहपुर ओसा साइड से डम्फर लेकर बालू लेने महेवाघाट घर जा रहे थे सरसावा ब्लाक के सामने दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई है जिससे दोनों वाहन के खलासी और चालक घायल हो गए हैं हादसे के बाद झांसी निवासी अमरेश ट्रक में फस गया दो वाहनों की टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गयी और बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला है पुलिस ने एंबुलेंस के मदद से इलाज के लिए सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# कौशाम्बी जिला पंचायत के आधे से अधिक सदस्यों ने प्रयागराज कमिश्नर को सौंपा सशर्त इस्तीफा






अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत के आधे से अधिक सदस्यो ने प्रयागराज में मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर मंडलायुक्त को सशर्त इस्तीफा सौंपा है विरोधी जिला पंचायत सदस्यो ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर पर गंभीर आरोप लगाए है और जांच कराने की मांग उठाई है। जिला पंचायत कौशांबी के वार्ड नंबर 24 के सदस्य स्वराज प्रकाश, वार्ड 4 के रामनरेश, वार्ड 22 की नीरजा द्विवेदी, वार्ड 10 के अरुण चौधरी, वार्ड 16 के नरेश कुमार सामिल रहे । इसी तरह वार्ड 20 के गया प्रसाद, वार्ड 19 की कमला देवी, वार्ड एक की विजमा देवी, वार्ड 25 की सुनीता देवी, वार्ड 11 की सीमा देवी, वार्ड आठ की सुनीता निषाद, वार्ड 21 की सोनी चौधरी, वार्ड 26 की शायमा देवी और वार्ड नंबर 18 की अर्चना देवी ने इस्तीफा दिया है । प्रयागराज मंडलायुक्त ने इस मामले मे टीम गठित कर जांच कराने का आश्वासन दिया है। वही दूसरी तरफ कौशाम्बी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने आज सदन की बैठक बुलाई थी,जिसमे 26 जिला पंचायत सदस्यो में से 14 सदस्य शामिल नही हुए,जिसमे कोरम नहीं होने से बैठक का रूप दिया है । इस बैठक में मोहम्मद सेरू भी शामिल हुआ, जिस पर गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखाया गया था और पुलिस उसे कई दिनों से ढूंढ रही है,कहा तो यह भी जा रहा है कि सेरु को कहा गया है कि यदि वह सदन की कार्यवाही में भाग लेगा तो उसपर से मुकदमा हटवा दिया जायेगा अब सवाल उठता है कि क्या सत्ताधारी जब चाहे जिस पर मुकदमा लिखवा दे और जब चाहे मुकदमा हटवा दे यह एक बड़ा सवाल है।

## न्यूज झरोखा

### जनपदीय हैंडबॉल बालक बालिका प्रतियोगिता में नेशनल इंटर कॉलेज की टीम ने लहराया परचम



**भरवारी कौशाम्बी।** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में शनिवार को जनपदीय हैंडबॉल बालक बालिका स्कूली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जनपद में तीनों संभागों की टीमों ने भाग लिया अंडर 19 बालक वर्ग में सिराथू संभाग के हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी और चायल संभाग के नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के बीच फाइनल मुकाबला हुआ इस मुकाबले में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी की टीम ने हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी की टीम को 7-3 से पराजित कर नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी की टीम ने विजय प्राप्त किया। नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के टीम की विजय पर विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने विद्यालय टीम के खिलाड़ियों एवं क्रीड़ा प्रभारी अजय कुमार को बधाई दी है इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने घोषणा की विद्यालय के प्रतियोगी छात्रों को विद्यालय परिवार की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा विद्यालय के टीम की विजय पर अध्यापक भुवनेश्वर कुमार तिवारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार भारत लाल शर्मा अरुण कुमार द्विवेदी करुणेश तिवारी श्रीमती माया तिवारी संतोष सिंह यादव राजेश कुमार अस्थाना गंगा प्रसाद वरुण शंकर मिश्रा अतुल मिश्रा स्वतंत्र श्रीवास्तव यशपाल यादव एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

### विभागीय साठगांठ से बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं हरे पेड़



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंझनपुर नगर पालिका परिषद रन्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 बधवा रजवर के गांव बभनपुरवा में बेखौफ तरीके से हरे पेड़ों की कटान लकड़ी माफिया कर रहे हैं लकड़ी माफियाओं के बेखौफ तरीके से हरे पेड़ काटने के मामले में विभागीय साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता। जोखू लाल पुत्र भैकू लाल बृजरानी पत्नी दुखी लाल दोनों पूर्व से पाटीदार हैं। इन दोनों के हिस्सा में दो नीम का पेड़ घर के सामने खड़ा है जोखू लाल पुत्र स्वर्गीय भैकू और बृजरानी पत्नी दुःखी लाल इन दोनों का हिस्से का विवाद है दो बड़े नीम के पेड़ जोखू लाल ने जबरन बिना बृजरानी से पूछे गांव के ही दूधनाथ कबूतर उर्फ मनीष सभी लोग हरे नीम का पेड़ जबरन काट रहें हैं। मना करने पर मानने तैयार नही है जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन विभाग के अधिकारी पहुंचे थे जहां पेड़ काटा जा रहा था।

### दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में मण्डलीय हैंडबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**कौशाम्बी।** प्रयागराज मण्डल की मण्डलीय हैंडबाल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन सोमवार को श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानन्द यादव ने किया। कार्यक्रम में राम सुंदर सिंह, डॉ राम किरण त्रिपाठी, चंद्र भूषण पांडेय, श्याम लाल सचिव सहित समस्त जनपदों से शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में विजेता टीम को मोमेंटो और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 15 व 16 17 सितंबर को आजमगढ़ जनपद में आयोजित किया जाएगा इसके लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया है कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त श्यामबाबू यादव तथा आयोजक अवध कुमार की खास भूमिका रही।प्रतियोगिता सम्पन्न होने के उपरान्त आयोजक प्रधानाचार्य चुन्नीलाल सरोज ने प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त अतिथियों, शारीरिक शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गड्ढे में फंसी स्कूली बस आधा दर्जन बच्चियां घायल

## स्कूल बस में सवार 60 बच्चों में सभी को लगी है चोट, स्कूलों की बसों के फिटनेस में इतनी लापरवाही क्यों क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है एआरटीओ

अखंड भारत संदेश





**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव के पास सोमवार की सुबह 60 बच्चों को स्कूल लेकर जा रही एक स्कूली बस गड्ढे में फंस गई बस के गड्ढे में फँसते ही बस के अंदर चीख पुकार मच गई बच्चे खून से लहूलुहान हो गए इससे उस पर सवार आधा दर्जन बच्चियां ज्यादा घायल हो गईं चीख-पुकार होने पर जुटे ग्रामीणों ने बच्चों को आनन-फानन बस से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर बच्चों के अभिभावक भी जैसे-तैसे मौके पर पहुंचे और तमाम बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को इलाज कराने साथ ले गए है साक्षी और वंश यादव को ज्यादा चोट आने पर उसे अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक एचएचए कान्वेट स्कूल टेढ़ीमोड की बस हिसामपुर परसखी, टड़हर और तरसौरा के 60 बच्चों को लेकर सोमवार की सुबह स्कूल जा रही थी। तरसौरा गांव के समीप बस अनियंत्रित होने से गंगा किनारे एक गड्ढे में चली गई, जिससे बस में सवार जान्हवी, रिया, कल्पना, शिवानी, शिखा, साक्षी समेत आधा दर्जन बच्चियां अधिक घायल हो गईं। बस में कुल 60 बच्चे सवार थे। हल्की चोटे सभी बच्चों को आई है। बताते हैं कि बस की ब्रेक कम लगने के कारण यह दुर्घटना हुई है अगर बस थोड़ा आगे निकल जाती तो गंगा नदी में जाने का भी खतरा था संयोग अच्छा था कि बड़े हादसे नहीं हुए हैं इसके पहले भी इसी सत्र में कई स्कूली बस दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है आखिर इन स्कूलों की बसों के फिटनेस में इतनी लापरवाही क्यों हो रही है क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार एआरटीओ कर रहे हैं अन्न जनपदों में हुए बड़े हादसे की घटनाओं को एआरटीओ शायद गंभीरता से नहीं ले रहे हैं स्कूल बस के तमाम हादसों के बाद किसी भी मामले में स्कूल प्रबंधक प्रधानाचार्य और स्कूल बस के चालक पर मुकदमा दर्ज कराकर अभी तक गिरफ्तारियां नहीं हुई है जिससे स्कूल संचालकों की लापरवाही पर रोक नहीं लग रही है।



## उजीहिनी खालसा मे घर-घर सम्पर्क कर पवित्र मिट्टी एवं अक्षत संग्रह किया

**कौशाम्बी।** मेरी माटी मेरा देश₹ अभियान के अंतर्गत सोमवार को चायल तहसील के ग्राम उजीहिनी खालसा मे घर-घर सम्पर्क कर पवित्र मिट्टी एवं अक्षत संग्रह किया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को घर-घर पहुंचाया गया।इस अवसर पर मीनू योगेश साहू जिला पंचायत सदस्य शिवमूरत उर्फ. भैय्यन पासी ग्राम प्रधान काजीपुर जयप्रकाश उर्फ. बछवा मालिक राम यादव जालिम सिंह पटेल सहित अन्य सम्मानित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद पर बलराम त्रिपाठी ने किया नामांकन



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** तहसील अधिवक्ता संघ मंझनपुर के चुनाव को लेकर बलराम त्रिपाठी ने अध्यक्ष पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया है इस मौके पर उनके समर्थकों ने बलराम त्रिपाठी को माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया है नामांकन दाखिला के समय संजय मिश्रा अविनाश त्रिपाठी संजय चौबे शेषनारायण दुबे दीपक खरे सुशील श्रीवास्तव अशोक कुमार रामबाबू त्रिपाठी परवेज आलम जमीर अहमद दीपक मिश्रा ब्राह्मणी भूषण मनदीप अवस्थी नरेंद्र तिवारी जयप्रकाश त्रिपाठी अंकित त्रिपाठी चंद्रप्रकाश सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सेंट फ्रांसिस विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किए गए सीबीएसई बोर्ड के 41 स्कूलों के प्रधानाचार्य

अखंड भारत संदेश




**भरवारी कौशांबी।** बेरूवा स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित प्रयागराज प्रतापगढ़ और कौशांबी जनपद के लगभग 41विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को प्रयागोदय सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स इलाहाबाद चैप्टर के द्वारा टीचर्स इंस्पायर अवार्ड 2023 के अंतर्गत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीबीएसई बोर्ड के रीजनल ऑफिसर प्रयागराज ललित कुमार कपिल के द्वारा सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन निश्चित तौर से सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों को एक दिन उच्च शिखर तक लेकर जाएगा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन और उसके अनुरूप पारितोषिक सम्मान फसलों को समय-समय पर दिए जाने वाले खाद पानी की तरह काम करता है। इस तरह के आयोजनों के कारण एक तो शिक्षकों के द्वारा किया गया परिश्रम समाज के समक्ष आता है और दूसरे ऐसे लोग जो उनसे पीछे हैं उन्हें सीखने का और ऊपर उठने की प्रेरणा मिलती है। हमें किसी भी कार्य को सर्वोत्तम करने के लिए अपने आपसी विचारों को एक दूसरे के मध्य साझा करने व परिश्रम एवं नवाचार के माध्यम से आए परिणामों को साझा करने के अवसर हुआ एक दूसरे से आगे जाने की प्रति स्पर्धा की तरफ उन्मुख करता है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ललित कुमार कपिल सहोदय की अध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता कानूनगो, सचिव आशीष रंजन , उपाध्यक्ष मैथ्यू जॉर्ज एवं आयोजक विद्यालय के प्रबंधक रोशन लाल वत्स, प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, बाल शिक्षा, आधुनिक शिक्षा, नई शिक्षा नीति,आदि विभिन्न विषयों पर अनेको कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकों के अभिनंदन में बोलते हुए सहोदय की अध्यक्ष सुष्मिता कानूनगो ने कहा कि शिक्षक के अंदर एक अद्भुत आत्मा का वास होता है जो की अपने जैसी अनेकों कृतियों के रूप में छात्र- छात्राओं को निर्मित करता है, व उन्हें समाज में संरक्षित और नियोजित करने का प्रयास करता है। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित कुमार कपिल द्वारा इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/ शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र, मेंमेंटो, मेडल, व उपहार द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से संगम इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका निशि तिवारी, रामानुजन पब्लिक स्कूल की शिक्षिका शरीश शर्मा, टैगोर पब्लिक स्कूल की शिक्षिका मंजरी माथुर, एर्नी मेमोरियल स्कूल के मार्सनील पॉल, प्रयागराज पब्लिक स्कूल के शिक्षक रवि भूषण द्विवेदी, न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल की कल्पना वर्मा, वाईएमसीए सेंटेनरी स्कूल की शालिनी टंडन, किड्स एकेडमी की गरिमा अरोरा, जगत तारण गोल्डन जुबली स्कूल की शुभ्रा घोष, देव स्पोर्ट्स स्कूल के अनिल कुमार, एलडीसी पब्लिक स्कूल की मुक्ता श्रीवास्तव, श्री महाप्रभु पब्लिक स्कूल की प्रतिभा शुक्ला, एमपीएस पब्लिक स्कूल की सुमन अग्रवाल, डीपीएस स्कूल नैनी की अनुभा भार्गव, मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल के सुनील केसरवानी, एमपीवीएम गंगा गुरुकुलम की कृष्णा मुखर्जी, सेंट जेवियर स्कूल की रश्मि सिंह, न्याय नगर पब्लिक स्कूल की आकांक्षा श्रीवास्तव, महर्षि विद्या मंदिर नैनी की आरती ओझा, सेंट थॉमस स्कूल के मनीष सिंह, न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल से साधना श्रीवास्तव, डॉन द हायर स्कूल की संगीता मालवीय आर्मी पब्लिक स्कूल की उजमा बानो सेंट मैरी घूरपुर के संतोष कुमार दुबे एमएल कन्वेंट की अनुभा पोरवाल बीबीएस इंटरनेशनल स्कूल की ललित सिंह महर्षि विद्या मंदिर कि उमा श्रीवास्तव सेठ आनंद राम स्कूल नैनी की सपना गुप्ता सेंट जोसेफ स्कूल की जॉबी जैकब, सेमेस्टर ग्लोबल स्कूल की कनिका रोहरा सेंट पीटर्स एकेडमी की गुंजन तिवारी, पतंजलि ऋषि कुल स्कूल की इंद्रानी दत्ता, पुलिस मॉडर्न स्कूल की सरिता द्विवेदी, संस्कार पब्लिक स्कूल के अरुण कुमार आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट की तबस्सुम आरा, क्राइस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल की सविता यादव, महर्षि महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर की विनीता सिंह बीबीएस विद्या मंदिर की कंचन लता ओझा विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल कि शामामा आजम, नंदी वाणी पब्लिक स्कूल के मुजम्मिल हसन, सेंट फ्रांसिस स्कूल की अर्चना त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। एवम उक्त समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य को सेंट फ्रांसिस विद्यालय परिवार की तरफ से शिक्षक शिक्षिकाओं द्वाराअंग वस्त्रम एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा दिविता त्रिपाठी, श्लोक कुमार, प्रगति केशरवानी एवं ध्रुव यादव द्वारा किया गया।

# नीलगाय से टकराया बाइक सवार इलाज के दौरान मौत



अखंड भारत संदेश

**महगाव कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत साझिया गांव के पास भरवारी मनौरी रोड़ पर सोमवार की दोपहर नीलगाय के झुंड से बाइक सवार टकरा गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक समेत बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया आसपास के लोगों ने बाइक सवार को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैजानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सिरसी निवासी लवकुश उम्र 37 वर्ष पुत्र स्व जगन सोमवार को समय करीब 1 बजे दोपहर मे मोटर साइकिल से अपने ससुराल दर्जी का पुरा जा रहा था। जैसे ही लवकुश सझिया गांव के शिव प्रयाग गार्डेन गेस्ट हाउस के कुछ दूरी पर पहुंचा था कि अचानक तेज रफ़्तार से दौड़ती नीलगाय का झुण्ड सामने से रोड़ पार करने लगा बाइक पर सवार लवकुश नीलगाय के झुण्ड की चपेट में आ गया नीलगाय की टक्कर से लवकुश बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गम्भीर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से लवकुश को प्रयागराज इलाज हेतु एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने लवकुश को मृत घोषित कर दिया। लवकुश की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक की पत्नी कविता देवी ने पुलिस को तहरीर दी है।

## शौच के लिए जा रही वृद्ध महिला की ट्रेन से टकराकर मौत

**कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में वृद्ध महिला शौच के लिए रेलवे लाइन की तरफ गई थी जहा ट्रेन की टक्कर से उसकी मौत हो गई,घटना की जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 20 केशव नगर के भटपुरवा की रामपति उम्र 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय कंधई लाल सरोज वृद्ध महिला अपने बेटे के साथ रह रही थी,उसने कई बार नगर पालिका से शौचालय की गुहार लगाई थी लेकिन शौचालय का लाभ उसे नही मिल सका था,जिसके चलते वह रेलवे लाइन की तरफ शौच के लिए जाया करती थी। सोमवार की सुबह वह शौच के लिए रेलवे लाइन की तरफ गई थी जहा ट्रेन से टकरा गई,ट्रेन की टक्कर से वृद्धा घायल हो गई,ट्रेन से टकराने की सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाने लगे लेकिन उसकी सांसे थम गई।घटना की सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी चौकी पुलिस प्रभारी अपने हमराहियो के साथ पहुंचे और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित

**कौशाम्बी।** प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इसके लिए पूर्णतः समर्पित रहा हो, उनको सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरू गोविन्द सिंह के जन्म दिवस 5जनवरी पर ‟गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार” प्रदान किया जाता है तथा रुपए एक लाख का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र दी जाती है जनपद के ‟गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार” के लिए पात्र व्यक्ति अपना आवेदन 30 सितम्बर 2024 तक उपलब्ध करा सकतें है।

### 13 को रोजगार मेले का आयोजन

**कौशांबी।** सेवायोजन कार्यालय के प्रयास से राजकीय आईटीआई संस्थान और कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन कौशांबी के राजकीय आईटीआई संस्थान पुलिस लाइन के सामने 13 सितंबर को आयोजित किया गया है जहां निजी क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आईटीआई नॉन आईटीआई डिप्लोमा उत्तरीण बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा उक्त जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी।

### कोटिया में 13 सितम्बर को साहू राठौर यात्रा का आयोजन

**कौशाम्बी।** आरपी. साहू गेस्ट हाउस तिल्हापुर मोड़ कोटिया में 13 सितम्बर को साहू राठौर जन जागृत अधिकार यात्रा अखिल भारतीय साहू राठौड़ महासभा के तत्वावधान में निकाली जाएगी। कार्यक्रम में समाज के लोगों को शामिल होने की अपील की गई है आयोजक मंडल ने कहा कि स्वागत समारोह में अधिक से अधिक सनज के लोग एकत्रित होकर स्वागत समारोह की शोभा बढ़ाएं उक्त जानकारी रामप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय साहू राठौड़ महासभा कौशाम्बी और ईश्वर दीन साहू पत्रकार साहू एकता मंच ने संयुक्त रूप से दी है।

## घर में घुसे चोर लाखों कीमत का उठा ले गए सोने चांदी के जेवरात

**इसके पहले भी कई घरों में हुई बड़ी बडी चोरियों का खुलासा करने में हाफ रही पुलिस**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई चौराहे के पास चोरों ने रात में एक घर में घुसकर कमरे में रखे सोने चांदी के जेवरात नगदी सहित लाखो की गृहस्थी पार कर दिया मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है इसी पुलिस चौकी क्षेत्र में इसके पहले भी अमित जायसवाल के सहज जन सेवा केंद्र में सुशील केसरवानी की किराना की दुकान में मनमोहन प्रजापति के कॉस्मेटिक की दुकान में अखिलेश के सूर्य आर्य मोबाइल की दुकान में अशोक वर्मा जौहरी के घर में ताला तोड़कर शादी के लिए रखे लाखों के सोने चांदी के जेवर की चोरी सहित क्षेत्र में कई चोरी की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी है लेकिन किसी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है जिससे इलाके के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ज्ञानसिंह पुत्र फूलचंद्र खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की शाम वह गांव में हो रही रामलीला देखने चला गया था घर में उसकी पत्नी और बच्चे खाना पीकर खाकर घर की छत पर सोने चले गए । रात करीब एक बजे रामलीला देखकर वह वापस आया और ज्ञानसिंह भी घर पहुंचकर छत पर जाकर सो गया सुबह उठकर देखा तो कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था देखने के बाद उसने बताया कि चोरों ने कमरे में रखी एक सोने की लाकेट एक सोने की जंजीर एक सोने की झुमकी एक सोने की अंगूठी और चांदी की दो छागल, चैनपट्टी व कपड़े उठा ले गए घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति आगे के दरवाजे से ही घुसता दिखाई दिया है।

संपादक की कलम से

# 2024 के पहले हिंदू भावनाएं भड़काने की संघ-भाजपा की रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म के लिए अंतिम समाधान उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने का भी समाधान है। 'उचित प्रतिक्रिया' से उनका तात्पर्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनावी मुद्दे के रूप में स्टालिन की टिप्पणियों का उपयोग करना हो सकता है और निर्भर करता है रणनीति सफल होती है या विफल, इस पर विचार करते हुए इसे 2024 के आम चुनाव तक आगे बढ़ायें।

हर प्रधानमंत्री देश को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर उतना दुःसाहसी और निरंकुश नहीं होता जितना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि की सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर 'उचित प्रतिक्रिया' के लिए जनता का आह्वान करने के लिए किया जो भड़कावा या उकसावा जैसा ही था, जो भारत के लिए अशुभ है, एक ऐसे समय जब संघ-भाजपा लोकसभा चुनाव के पहले हिंदू भावनाएं भड़का कर उनका राजनीतिक दोहन करने की रणनीति पर चल रही है। प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी तो देश को शांति और समृद्धि के रास्ते पर ले जाना होता है। उदयनिधि, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं, ने जाति-ग्रस्त सनातन धर्म के विनाश का आह्वान किया था। स्वाभाविक रूप से, हंगामे ने 'उत्तर भारत' को अपनी चपेट में ले लिया, जहां साल खत्म होने से पहले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। कुछ ही महीनों में तेलंगाना में भी चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद है कि वह उदयनिधि स्टालिन की भड़काऊ टिप्पणियों का अपनी पूरी क्षमता से उपयोग करके इन सभी राज्यों में हिंदू मतदाताओं को एकजुट कर लेगी।

ठीक यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब कही जब उन्होंने अपने मंत्रियों से भारत/इंडिया पर धीमी गति से आगे बढ़ने और सनातन धर्म पर उदयनिधि की अपमानजनक टिप्पणियों पर 'उचित प्रतिक्रिया' देने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। 'उचित प्रतिक्रिया' से प्रधानमंत्री का क्या तात्पर्य है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'उचित प्रतिक्रिया' से क्या मतलब है, इस पर जूरी अभी भी असमंजस में है। अर्थ अलग-अलग हो सकते हैं। जो तुरंत दिमाग में आता है वह है 'जैसे को तैसा' या 'सड़कों पर हमला' और 'ईंट-बल्लेबाजी' आदि पर तुल जाना। उदयनिधि की सनातनी विरोधी टिप्पणियों का हवाला देकर 'सनातन धर्म के वोटों को मजबूत करना' एक और तरीका हो सकता है। अहम बात यह है कि क्या मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर बोल रहे थे या भाजपा नेता के तौर पर अपनी बात रख रहे थे? एक प्रधानमंत्री को सतर्क रहना चाहिए था और खुद को संयमित रखना चाहिए था, स्पष्ट रूप से और खुले तौर पर 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है' इस प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी,विशेषकर उनको जिनमें नागरिक को नागरिक के खिलाफ खड़ा करने की क्षमता है - सनातनी समर्थक बनाम सनातनी विरोधी।निःसंदेह, उदयनिधि स्टालिन मुसीबत मोल ले रहे थे और उन्होंने न तो अफसोस जताया है और न ही पछतावा। इसके बजाय, उनका कहना है कि जब तक पर्दा नीचे नहीं आ जाता, वह इसे जारी रखेंगे। क्या एमके स्टालिन ने बच्चे को अनुशासन में न रखकर बिगाड़ दिया? लेकिन स्टालिन से ज्यादा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति है, जिस पर सवाल उठाया जाना चाहिए, क्योंकि वह दयानिधि से बहुत बड़े नेता हैं। लगता है कि मोदी और भाजपा के लिए सब कुछ चुनावी राजनीति तक सिमट कर रह गया है। मोदी और शाह की पार्टी लगातार अपना रुख इस आधार पर बदल रही है कि उसकी चुनावी जरूरतें क्या हैं और कहां हैं?

# जी-20 के आयोजन का समापन!

-उर्मिलेश

जी-20 के जलसे का समापन हो गया. निश्चय ही भारत के लिए, मौजूदा सरकार और खासतौर पर प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम था. जी-20 की रोटेशनल अध्यक्षता सोच-विचार कर 2023 में ली गयी थी वरना भारत की अध्यक्षता तो इससे पहले ही आ रही थी. भारत ने बहुत जोरदार तैयारी के साथ इसका आयोजन किया. रूस और चीन के राष्ट्रपति भले ही नहीं आ सके पर जी-20 में शामिल दुनिया के ज्यादातर प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष आये. रूस और चीन का प्रतिनिधित्व उनके वरिष्ठता मंत्रियों ने किया.

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी राजनयिक उपलब्धि हैः साझा बयान या सर्वसम्मत घोषणा का जारी होना. इसमें यूक्रेन युद्ध की समाप्ति की साझा इच्छा का व्यक्त होना महत्वपूर्ण है. भारतीय राजनयिकों ने बहुत चतुराई से रूस का नामोल्लेख किये बगैर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जापान और फ्रांस जैसे देशों को भी इस बयान पर सहमत करा लिया. अगर रूस का आक्रमणकर्ता के तौर पर ज़िक्र होता तो बयान पर साझा सहमति नहीं बन पाती. बयान का जारी होना मुश्किल हो जाता या जारी होता तो वह सर्वसम्मत बयान न होता! भारत के संदर्भ में सम्मेलन की दूसरी बड़ी बात है-इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर बनाने पर सहमति का बनना. इस प्रोजेक्ट में इंडिया के अलावा यूएई, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका, कुल आठ देश शामिल हैं.

इस प्रोजेक्ट को चीन के ह्यबेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की तर्ज.पर महत्वाकांक्षी बहु-राष्ट्रीय परियोजना माना जा रहा है. अगर सचमुच इसे अमलीजामा पहना दिया गया तो प्रोजेक्ट-रूट बहुत महत्वपूर्ण होगा और भारत सहित सभी प्रमुख देश इसके लाभार्थी होंगे.

इस बड़े सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन को ऋ-20 का सदस्य बनाये जाने का ऐलान भी हुआ. इस तरह अब यह बहु-राष्ट्रीय मंच ऋ-21 बन गया. इसकी अगली अध्यक्षता ब्राजील को मिली है. जहां तक हमारी जानकारी है, अफ्रीकी यूनियन की सदस्यता के विचार पर ऋ-20 देशों में



Image tweeted by @narendramodi

पहले ही सहमति बन गयी थी. इसकी औपचारिक घोषणा दिल्ली सम्मेलन में की गई. यह तो हुई राजनयिक पहलुओं की बात! भारत के लिए इस सम्मेलन के निश्चय ही कुछ राजनीतिक मायने भी हैं. भारत सरकार ने प्रस्तावित बजट से बहुत ज्यादा खर्च करके इस सम्मेलन को अब तक के भव्यतम सम्मेलनों में दर्ज करा लिया. प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में छाया रहे. इसी इच्छा और सोच से प्रेरित होकर भारत सरकार ने 2023 के सम्मेलन की रोटेशनल अध्यक्षता/मेजबानी ली थी. 2024 के संसदीय चुनाव से पहले सरकार के राजनीतिक योजनाकारों ने इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री मोदी के महिमामंडन में भी जबर्दस्त इस्तेमाल किया. किसी राजनयिक या डिप्लोमैटिक दायरे के बहु-राष्ट्रीय आयोजन का ऐसा व्यक्ति-केंद्रित या राजनीति-केंद्रित अभूतपूर्व प्रचार-प्रसार शायद दुनिया के किसी अन्य देश में कभी हुआ होगा! विपक्ष के अनेक बड़े नेताओं को इसके डिनर में भी न बुलाना सम्मेलन का एक अन्य पहलू है, जो राजनीति में चर्चा का विषय बना रहेगा. डिनर के आमंत्रण कार्ड पर President of India की जगह President of Bharat का प्रयोग आजादी के बाद पहली बार हुआ. इस पर काफी विवाद भी चला. लेकिन इस सम्मेलन के आयोजन के दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण पहलू रहा-तीन दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी में आम लोगों की ज़िंदगी का लगभग ठहर सा जाना. अनेक रास्ते ही नहीं, इलाके और बाजार भी बंद हो गये. पब्लिक और निजी आवागमन पर अभूतपूर्व प्रतिबंध लग गया था. गरीबों के मोहल्लों में कई जगह बड़े-बड़े पर्दे लगा दिये गये ताकि वे सड़क से गुजरते लोगों को दिखाई न पड़ें! अपने देश में पहले भी ऐसा होता रहा है. मुझे लगता है, यह हमारे शासकों की कुंठा है. ऐसे मौकों पर गरीबों को ढँकने से ज्यादा बेहतर होता हमारे सत्ता-संचालक गरीबी खत्म करने की ईमानदार कोशिश करते! इन पंक्तियों के लेखक ने देश और विदेश में ऐसे कई बहु-राष्ट्रीय आयोजनों को एक पत्रकार के तौर पर ह्यकवरह्न किया है. इसमें 56 से अधिक देशों की सदस्यता वाले कॉमनवेल्थ देशों के राष्ट्राध्यक्षों का एक सम्मेलन भी शामिल है. पर अपने यहाँ या दुनिया के किसी भी अन्य देश में हमने सम्मेलन के दौरान शहर का इस तरह ठहर जाना या वहाँ के स्थानीय लोगों पर ऐसी बंदिशें कभी नहीं देखीं! जहां तक मीडिया कवरेज का सवाल है, वह ले-देकर प्रेस विज्ञप्ति या सरकारी ब्रीफिंग से आगे कुछ भी नहीं रहा. सम्मेलन के साझा ऐलान के समय या समापन के समय दुनिया के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं हो सकी. सबकुछ आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति या आधिकारिक ब्रीफिंग से निपट गया.

# जी-20 में कही बातें देश में तो लागू हों

जी-20 के बहुत ही भव्य दो दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ जिसके दौरान अनेक अच्छी-अच्छी बातें कही गयीं। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी चिंताओं से लेकर ग्लोबल साऊथ पर काम करने के निश्चयों के साथ भागीदार हुए देशों के राष्ट्राध्यक्ष लौट तो गये हैं परन्तु कुछ सवाल भी लेकर गये हैं।

इनमें सम्भवतः सबसे प्रमुख यही होगा कि विश्व का नेतृत्व करने का आकांक्षी भारत क्या इन अच्छी-अच्छी बातों का स्वयं अपने देश में अमल कर रहा है। बेशक, सारे मुद्दों का संबंध देश की आंतरिक नीति व प्रणाली से नहीं है लेकिन एक अच्छे समाज के जो अनिवार्य गुण हैं क्या उन्हें पाने का प्रयास यह महादेश कर रहा है? दिल पर हाथ रखकर अगर जवाब टटोला जाये तो शायद वहां बहुत बड़ा 'ना' ही मिलेगा। खासकर, भारत को कई तरीकों से और अनेक अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाना कितना विश्वसनीय रह गया है, यह भी इस मौके पर देखा जाना चाहिये।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफी जोर रहता है पर उसका अमलीकरण पहले देश के भीतर तो हो। भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में जहां एक ओर वर्णवाद बढ़ा है वहीं साम्प्रदायिकता में भी बेतहाशा इजाफा हुआ है। अगड़े-पिछड़ों का झगड़ा जो मोदी राज में देखा गया है वह कम से कम आजाद भारत में तो कभी भी नहीं देखा गया था। बेशक, भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था के कारण बड़ा विभाजन पहले से है जहां कथित ऊंची-निचली जातियों के बीच टकराव होते रहे हैं लेकिन सरकारों ने कभी उसे बढ़ावा नहीं दिया व उन्हें खत्म करती आई हैं। विश्व देख रहा है कि भारत की सरकार में सत्तारुढ़ पार्टी इन्हें बढ़ावा देती है तथा संरक्षित भी करती है। जो संकीर्णता इस दौरान भारत देख रहा है वह अभूतपूर्व है। दुनिया का ऐसे भारत से परिचय नहीं था। बहुत शोर-शराबा किये बगैर भारत की इसलिये वैश्विक स्वीकार्यता थी क्योंकि उसका केन्द्रीय भाव मानवीय संवेदना थी। मौजूदा भारत संकीर्ण, है क्रूर भी- ऐसा समाज जो बहुत थोड़े से लोगों का है। सदियों से रहते आये अल्पसंख्यक, जिन्होंने एक दूजे का सुख-दुख में साथ निभाया, स्वतंत्रता की लड़ाई मिलकर लड़ी, आजादी पाने की प्रक्रिया से उपजे दर्द को एक सा झेला और संघर्ष करते हुए जो हासिल किया उसका वितरण बगैर भेदभाव के आपस में किया। अचानक एक वर्ग बाहरी हो गया जिन्हें यहां से चले जाना चाहिये। वे पिछले 9 वर्षों से देश की तमाम समस्याओं के मूल कारण बने हुए हैं और आये दिन उनसे देशभक्ति के प्रमाणपत्र मांगे जाते हैं।

कष्टों में पड़ी मानवीयता को बरसों से सहानुभूति और सहायता देने वाला भारत केवल मोदी एवं उनकी पार्टी के वोटरों का होकर रह गया है। अपने भीतर के समाज को ही उदार न बना सकने वाला देश आखिर सारी दुनिया को कैसे अपने आगोश में ले सकता है? भारत में बढ़ती जातीयता व धार्मिक विद्वेष की हकीकत दुनिया को ज्ञात हो चुकी है। मणिपुर, नूंह, जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुए खूंरेज हादसे तो हाल के हैं, पिछला लगभग एक दशक भारत की ऐसी कई कहानियों का काल रहा है जो दुनिया भर में गई हैं। हास्यास्पद यह है कि इस मौके पर लिखे अपने लेख में वसुधैव कुटुम्बकम की बात करने वाले प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों को सनातनी वाला मुद्दा गरमाये रखने की अपील करते हैं।

पिछले कुछ समय से देश को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' साबित करने पर आमादा पीएम शायद इस बात को नहीं जानते कि दुनिया का सबसे बड़े बड़ा लोकतंत्र धीरे-धीरे दम तोड़ रहा है। समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज क्षरित हो गया है। बन्धुत्व और धर्मनिरपेक्षता लापता हो गई है। आर्थिक, सामाजिक तथा राजनैतिक तीनों ही स्तरों पर गैर बराबरी चरम पर है; और इसके लिये जिम्मेदार सरकार ही है। इसके पीछे वह विचारधारा है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित एवं संपोषित है। सुनियोजित तरीके से अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाया गया है। समाज बदहाल है और विभाजित भी। राजनैतिक वर्चस्व के लिये वे सारे हथकण्डे अपनाये जाते हैं जो वास्तविक मायनों में जनतंत्र में भरोसा रखने वाली कोई सरकार नहीं अपना सकती।

अगर इन उदात्त बातों को देश में क्रियान्वित करने की कोशिशें मोदी सरकार नहीं करती तो यही माना जायेगा कि जनता के टैक्स के पैसों से आयोजित इस विलासितापूर्ण आयोजन का मकसद केवल सियासी है। जिस वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत का बारंबार उल्लेख होता आया है, यदि उसके अमल की अपने देश में ही मंशा नहीं है तो यही माना जायेगा कि यह बेहद खचीर्ली कवायद सिर्फ इसलिये की गई है कि इससे ब्रांड मोदी को और दमकाया जाये ताकि उसका उपयोग केन्द्र सरकार की आगामी चुनावों में कर सके।

ऐसा नहीं कि भारत में पहले कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन न हुआ हो।

# इंडिया नहीं भारत कहो!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्तह्न, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

घर में टाइम्स ऑफ इंडिया आता है। इंडिया उसमें लगा लगाया आता है, मुझे पता नहीं था कि इतने दिनों से मैं पैसे देकर देश को गिराने वाला काम कर रहा हूँ। आज जाकर पता चला कि हमारे देश का नाम इंडिया नहीं भारत है। इसलिए मेरे मन में इंडिया के प्रति घृणा पैदा होने लगी है। सच कहूँ तो मुझे भारत पसंद है। हिंदी बोलना मुझे अच्छा लगता है। अंग्रेजी से नफरत है, इसलिए नहीं कि वह मुश्किल है बल्कि मुझे आती नहीं है। इसलिए हिंदी कपड़े जैसे धोती-कुर्ता,अंगोछा, कुर्ता, पायजामा पहनता हूँ। सूट-बूट पहनने से परहेज करता हूँ। इन्हें पहनने से इंडिया की फीलिंग आती है। ऐसा करना भारत के प्रति धोखा करने जैसा लगता है।

कपड़े धोबी धोता है। लाउंड्री वाला धोता तो वह इंडिया के आयरन से मेरे कपड़े के भीतर का भारत निकाल बाहर करता। कुछ दिन पहले तक इंडिया के प्रति आदर भाव हुआ करता था। किंतु इधर बाबा गिरगिटलाल ने रंग बदलने का अजीब सा मंत्र सिखा दिया है। इसी के चलते जो चीज सुबह तक पसंद आती थी, वह शाम होते-होते नापसंद हो जाती थी। रंग बदलने का यह कोर्स आजकल व्हाट्सप विश्वविद्यालय में धड़ल्ले से चल रहा है। इस क्रैश कोर्स में करोड़ों आँख, कान, मुँह वाले लोग प्रवेश लेते हैं और कोर्स पूरा होने के बाद बाबा गिरगिटलाल का अंधाधुध पालन करने लगते हैं। वे अगर सुबह को रात, पानी को आग और इंडिया को भारत कहें तो हमें वही सही लगता है। वे इतने परमज्ञानी है कि उन्होंने इंटर के बाद प्लस टू का कोर्स किया है। ऐसे बाबा के मार्ग पर चलकर भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी, बलात्कार, भ्रष्टाचार जैसे बेफिजूल के मामलों से मुक्ति मिलती है। मेरा महत्वपूर्ण योगदान यह है कि मैं गिरगिटलाल के आदेशों का पालन करता हूँ। उनके खिलाफ बोलने वाले को कुत्ते से भी तेज काटने को दौड़ता हूँ। आजकल कुत्ते मुझे देखकर डरने लगे हैं। निस्संदेह मुझसे बड़ा कुत्ता उनकी नजर में कोई नहीं होगा। मैं तो आई एन डी आई ए जैसे अक्षर एक साथ देख लेता हूँ, तो मुझे फिट्स (दौरे) आने लगते हैं। इसलिए भारत शब्द लिखा रुमाल अपने पास रखता हूँ। इसे सूँघ-सूँघकर इंडिया की बदबू से दूर होने का प्रयास करता हूँ। परसों तक मैं नोट से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में से इंडिया शब्द रबड़ से रगड़-रगड़कर मिटाने की कोशिश में कई नोट फाड़ डाले। वह तो भला हो पड़ोसी का जिसने मुझे बताया कि तुम्हें इतनी जहमत उठाने की जरूरत नहीं है। बाबा गिरगिटलाल फिर से लाइन में खड़ा करने वाले हैं।अब आइये घर के बाहर का भी कुछ बताता चलूँ आपको, वरना कहोगे कि अधूरी जानकारी दी। घर से निकलते ही जितने भी इंडिया के पक्षधर दिख जाते हैं, उनके खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इंडिया मतलब विदेशी, भारत मतलब देशी। मैंने सभी को इंग्लिश छोड़कर देशी पीने का सुझाव दे दिया है। जो नहीं पीते, उन्हें जबरदस्ती देशी पिलाकर भारत का डिएनए उनमें ठूँसने का भरसक प्रयास किया है। आईआईटी, आईआईएम, इसरो, शाइनिंग इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, ये इंडिया वो इंडिया को हमने बेकार ही ढो रहे थे। अब उनमें भारत जोड़कर शुद्ध देशभक्ति का प्रतीक बना दिया है। मेरी लड़की का नाम इंदु है,इसमें भी वे सभी अक्षर हैं जिनसे मुझे सख्त नफरत है। इसलिए उसका नाम भारती कर दिया है। वैसे मैं यह सब आपको इसलिए बता रहूँ कि मेरे कार्यालय के नाम के साथ इंडिया जुड़ा है। मैंने यह निर्णय कर लिया है कि जब तक ऑफिस का नाम भारत नहीं हो जाता तब तक दुनिया को यूँ बैठकर भारत बनाम इंडिया का ज्ञान दूँगा। भले चाहे इसके लिए कल की तरह मुझे निलंबन पत्र ही क्यों न मिले।

# दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण, एक संवेदनशील आवश्यकता

भारत के दिव्यांग जनों ने

ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। आज की स्थिति में इनकी संख्या 3 करोड़ से ऊपर हो चुकी है। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता ,बधिरता,मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी , मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है। जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलतः शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि "दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है" भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शासकीय नौकरी में विकलांगों का पद आरक्षित भी किया गया। इतना ही नहीं 1999 में एक अलग विकलांग राष्ट्रीय कल्याण तथा राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया, जिससे इनकी समस्याओं को समाधान हेतु सुना जा सके। इसके अतिरिक्त दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया, जिससे इनके लिए अलग से कुछ पैमाने को निर्धारित कर विकास में सहभागी बनाया जा सके ऐसे प्रावधान रखे गए है। इसके अतिरिक्त 2015 में दिव्यांगों की शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा के सुरक्षित तथा सम्मानजनक समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया। इनको शिक्षा से जोड़ने हेतु सुगम में पुस्तकालय नामक ऑनलाइन कोर्स प्रारंभ किया गया ताकि वह बटन क्लिक करने के माध्यम से पुस्तकों को पढ़ सकें, जिसके बाद इनकी नौकरियां व स्वरोजगार क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु 2016 में विकलांग अधिकारिता विभाग के परामर्श से एक जॉब पोर्टल की भी शुरूआत की गई। जॉब पोर्टल एकल मंच पर निशुल्क नौकरी के अवसर स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण व कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 में दिव्यांग जनों की मदद के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरूआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारी जैसे विभिन्न नियमों दिशानिर्देशों योजनाओं छात्र वित्तीय एवं रोजगार संबंधी अवसरों के बारे में दिव्यांग जनों को सरल प्रारूप में जानकारियां उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। इससे दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रयासों को वास्तविक रूप से अमलीजामा पहनाया जा सके। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही है कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें खेलकूद, विज्ञान टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं में पूरा पूरा स्थान प्राप्त हो सके, ऐसे प्रयास निरंतर जारी हो रहे हैं। और इन्हीं सब का परिणाम है कि आज दिव्यांगों को पहचान कर समाज में उनकी नई पहचान दिलाई जा रही है स्वरोजगार में इनकी संख्या बढ़ रही है शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है यहां तक कि नौकरियों मेल की भागीदारी काफी बढ़ी है। दिव्यांग व्यक्तियों ने खेल में अपना नाम बहुत ऊंचा किया है 20 18 में भारतीय दिव्यांग क्रिकेटरों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की टीम को हराकर ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया था और इस तरह देश का नाम ऊंचा किया। माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग महिला अरुणिमा सिन्हा का नाम प्रमुख है। 2016 2020-21 पैरा ओलंपिक खेलों में दीपा मलिक ने अनेक पदक जीते उन्हें अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रसिद्ध एथलेटिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया का नाम प्रमुख है, जिन्होंने पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। 2020-21 में पैरालंपिक जापान में भारतीय खिलाड़ियों ने जिस कदर ओलंपिक पदकों की भारत के लिए श्रृंखला जीती वह अभूतपूर्व है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले भारतीय क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन,संगीतकार रविंद्र जैन, बैडमिंटन प्लेयर गिरीश शर्मा, ब्लाइंड क्रिकेट में 32 शतक लगाने वाले शेखर नायक, प्रसिद्ध डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुरेश आडवाणी आदि का नाम अत्यंत गौरवशाली सूची में शामिल है।जिन्होंने न सिर्फ अपना बल्कि राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाया है।

यह सब दिव्यांग जनों के लिए अपनी पहचान बनाने के अलावा प्रेरणा स्रोत के रूप में भी तेजी से उभरे हैं। इनकी उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि दिव्यांगों में अपार क्षमताएं होती हैं तथा वे प्रेरणा दाई भी होते हैं। यदि इनके लिए अवसर और सशक्तिकरण के सफल प्रयास किए जाएं ,आधुनिक तकनीकी से इनकी क्षमताओं में वृद्धि की जाए तो इनमें क्षमताओं की वृद्धि की अपार संभावनाएं निहित हैं। भारत देश में जितने दिव्यांग निवास कर रहे हैं, अभी भी बेहतर परिणाम आना शेष है इसीलिए देश के विकास एवं प्रगति में दिव्यांगों की भूमिका तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरे समाज तथा शासन प्रशासन को आगे आकर इनकी हौसला अफजाई कर सामान्य जीवन की सुविधाओं में इजाफा किया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों, स्थानीय समुदाय, छोटी-छोटी संस्थाओं,स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को आगे आना होगा तभी दिव्यांग जनों को समावेशी विकास में शामिल किया जा सकेगा। यह शुभ संकेत भी है कि न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता मैं काफी वृद्धि हुई है, और यही कारण है कि विकलांगों को दिव्यांग जैसे सम्मान पूर्वक शब्दों से पुकारा जाता है, यदि समाज की भूमिका मानवीय तथा सामंजस्य पूर्ण होती है, तो दिव्यांग जनों को विकास की ओर अग्रसर होने तथा सामाजिक समरसता की मुख्यधारा में जुड़ने से कोई रोक नहीं सकता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक ,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# सीएमओ ने किया सघन टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** 11 से 16 सितम्बर तक सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कर दूसरे चरण के प्रचार-प्रसार को जनता को जागरूक करने को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी में किया। सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहल्ला भैरोंपागा में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। एएनएम श्रीमती जयकुमारी व आशा कार्यकत्री तथा आंगनबाडी यहां दो बजे तक 17 बच्चों एवं चार गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 15 बच्चों एवं तीन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया। टीकाकरण के तहत पूर्ण आच्छादित बच्चों की संख्या में लगातार गिरावट मिलने से भारत सरकार ने मिशन इन्द्रधनुष के तहत पूरे देश को चिन्हित किया है। जिसमें उप्र में ये साप्ताहिक टीकाकरण अभियान अगस्त, सितम्बर, अक्टॅूबर में होना है, अगस्त में ये अभियान सात से 12 अगस्त तक प्रथम चरण के रूप में चल चुका है। अभियान में 0-5 वर्ष के बच्चो एवं गभर्वती महिलाओं का टीकाकरण किया है, ताकि शासन की मंशानुसार दिसम्बर तक मिजिल्स रूबेला बीमारी का उन्मूलन हो सके। टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन को जिले में कार्य योजना तैयार हो गई हैं। सितम्बर अभियान को 0-5 वर्ष तक के कुल 4925 बच्चो



एंव 1137 गर्भवती महिलायें कार्य योजना में लक्षित की गयी है। लक्षित लाभार्थियों बच्चो एवं महिलाओ को चरण दौरान प्रतिरक्षित किया जाना है।

सितम्बर आईएमआई 5.0 अभियान को जिले की सभी चिकित्सा इकाइयों में कुल 741 सत्र हुए हैं। समस्त लाभार्थियों का वैक्सीनेशन का कार्य एएनएम व आशा तथा आगनबाडी के सहयोग से कराया जायेगा।

इस मौके पर डा महेन्द्र कुमार जतारिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डा जीआर रतमेले, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी राजेन्द्र कुमार एफएम डब्लूएचओ, यूनीसेफ से दिलीप द्विवेदी, डीएमसी श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, वीसीसीएम यूएनडीपी आरके करवरिया डीपीएम, नरोत्तम सिंह जिला डाटा सहायक आरआई, रूपनरायण यादव जिला समन्वयक, गर्व तिवारी लेखा कम सहायक, एनयूएचएम समेत अभिलाष खरे फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

## अपहरण का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी हरदीकला प्रभुनाथ सिह यादव की टीम ने अपहरण के वारंटी नीलू पटेल पुत्र चन्द्रसेन पटेल निवासी मोजरा मुरका को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी हरदीकला प्रभुनाथ सिहं यादव, सिपाही चन्दन विश्वकर्मा शामिल रहे।

## जानलेवा हमले का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भस्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा की टीम ने बलबा व जानलेवा हमला के वारंटी अभिलाष सिंह पुत्र अनंतराम सिंह नांदिन कुर्मियान को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा कृष्ण देव मिश्रा व सिपाही बुद्ध सेन शामिल रहे।



## पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का हुआ सम्मान




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संकुल खंडेहा में राज्य अध्यापक पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक राजकुमार शर्मा प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार संकुल खंडेहा विकासखंड मऊ का सम्मान समारोह हुआ।
सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय लालतारोड में संकुल के सभी अध्यापको ने खंड शिक्षा अधिकारी मऊ, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, जिला प्रवक्ता संकल्प पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक मऊ वीरभान, मंत्री शारदेंदु शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, ब्लॉक मऊ, छविलाल, महेश, सुशील पांडेय, आनंद मिश्र संकुल खंडेहा के सभी संकुल शिक्षक एवं संकुल खंडेहा के सभी सम्मानित शिक्षक मौजूद रहे।
सभी शिक्षकों ने अमूल्य समय देकर मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। संकुल के सभी शिक्षकों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पटेल जयंती के पहले चालू करायें पार्क के फव्वारे

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** नगर के चैराहों का सुंदरीकरण हो रहा है, दूसरी ओर पहले से बने चैराहे बदहाल हैं। पटेल तिराहे में सरदार पटेल की मूर्ति के पार्क में लगे फव्वारे दो वर्षों से खराब पडे हैं। बुंदेली सेना ने पटेल जयंती के पहले जिलाधिकारी से फव्वारे चालू कराने की मांग की है।
सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पटेल तिराहे में बने छोटे पार्क में दो फव्वारे बने थे, शुरू में ये फव्वारे चलते थे। आकर्षण का केंद्र रहे हैं। हाइवे से गुजरने वाले लोगों को सुखद एहसास होता था। पिछले दो वर्षो से ये फव्वारे खराब पड़े हैं। एक फव्वारे के कुंड में फव्वारे का सामान बिखरा पडा है, जबकि दूसरे फव्वारे को मिट्टी से पाट दिया गया है। उसमे घास उगी है। पार्क को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल में पिछले साल शिकायत की थी। शिकायत के जवाब में नगर पालिका ने कहा था कि फव्वारे के टैंकों में लीकेज है। इसलिए नहीं चल पा रहे। बुंदेली सेना ने मांग की है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती के पहले पटेल तिराहे में स्थित पार्क के फव्वारे चालू कराए जायें।
जयंती पर जनप्रतिनिधि और नगर के तमाम प्रतिष्ठित लोग पार्क में सरदार पटेल को नमन करते हैं। विभिन्न पर्वों में भी लोग यहां पहुंचते हैं। चैराहों का सुंदरीकरण बेहतर पहल है, लेकिन पुराने चैराहों के रखरखाव पर ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी से नगर के प्रमुख पार्क को सुंदर बनाने की मांग की गई है।

## 12 से 23 तक मिलेगा नि:शुल्क खाद्यान्न: डीएसओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि केन्द्र सरकार से गरीब लाभार्थियों को अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी 2023 से एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न देने के निर्देश हैं।
सोमवार को उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत माह सितम्बर में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 12 सितंबर से शुरू होकर 23 सितंबर तक चलेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों व पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को निर्धारित खाद्यान्न निःशुल्क बांटा जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर त्रैमास के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से मिलेगी। खाद्यान्न वितरण कोटेदार सवेरे छह बजे से रात नौ बजे तक करेंगे।

## चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**अलीगढ**
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बारहद्वारी शाखा के पूर्व प्रबंधक राजीव सिंह समेत चार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोप है कि मछली पालन के लिए लोन दिलाने के नाम पर आरोपितों ने ठगी की। राजीव सिंह का कई महीने पहले तबादला हो चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आइटीआइ रोड रिसाल सिंह नगर निवासी शिखा सिंह ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसमें कहा है कि मुनेंद्र शर्मा व रिंकुल शर्मा उनके पति वरुण सिंह के परिचित थे। इन्होंने उस समय प्रबंधक रहे राजीव सिंह और देवकांत नाम के कर्मचारी से मुलाकात कराई। आठ जुलाई 2022 को आरोपितों ने एक करोड़ 33 लाख रुपये का लोन कराने के लिए कागजात ले लिए। साथ ही 25 प्रतिशत सब्सिडी देने का भरोसा दिलाया। इसके बदले 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। एडवांस में पांच लाख 30 हजार रुपये ले लिए। 14 नवंबर को 1.33 करोड़ का लिमिट ऋण व 12 लाख रुपये का सीसी ऋण का स्वीकृतिपत्र दे दिया। इस बीच घर पर भी विजिट किया। 26 दिसंबर 2022 को 40 लाख रुपये उनके खाते में आए। शेष रकम न आने पर उन्होंने अपने स्तर से जांच कराई तो पता चला कि उन्हें उन्हें सिर्फ एक करोड़ का ऋण दिया गया है। सब्सिडी के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। बैंक की ओर से जो प्रस्ताव पत्र मिला था, वह फर्जी था। जब वह बैंक में आपत्ति जताने पहुंचे तो वहां पहले से मुनेंद्र व रिंकू उनके खाते से साढ़े नौ लाख रुपये निकालने पहुंचे थे। अब जाकर एसएसपी के आदेश पर राजीव सिंह, देवकांत, मुनेंद्र व रिंकुल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## बारिश के बाद शुरू होगा ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य

**अलीगढ**
महानगर के खैर रोड स्थित ल्हौसरा विसासन में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर में अब बरसात के बाद निर्माण कार्य रफ्तार पकड़ेगा। जलभराव के चलते फिलहाल ठेकेदारों ने काम को रोक दिया है। चिह्नित जमीन के परिसर में भी जगह-जगह पानी भरा हुआ है। पूरे परिसर में कुल 20 करोड़ से अधिक की सड़कों के निर्माण के टेंडर हुए हैं। साइट कार्यालय का भी शिलान्यास हो चुका है। शहर में पिछले कई दशक से ट्रांसपोर्ट नगर की मांग चली आ रही थी। अफसरों ने कई बार प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। वित्तीय वर्ष 2018-19 में तत्कालीन अफसरों ने नए सिरे से खैर रोड स्थितल्हौसरा विसावन में 85 हेक्टेयर जमीन का चिह्नाकन किया। एडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि आवंटियों को इस सालश के नवंबर-दिसंबर तक कब्जा देना शुरू कर दिया जाएगा।

# संवेदनशील एसपी हत्यारोपियों पर करें कार्यवाही, विधवा ने लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** वो दादू हैं, दबंग हैं, हत्यारोपी हैं। हत्या का मुकदमा खत्म करने को दबाव बना रहे हैं। आये दिन फोन पर गाली-गलौज कर दहशत का माहौल बना रहे हैं।

ये मामला है मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैंया चैकी के गढचपा गांव का। महिलाओं के लिए खासतौर पर संवेदनशील पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से गढचपा गांव के वृद्धा-विधवा/पीडिता कृष्णा देवी ने एसपी से लगाई गुहार में कहा कि गांव के दबंगों ने उसके पति बब्बू की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। अब आरोपी बच्चों की जान के पीछे पडे हैं। मुकदमा खत्म करने का दबाव बना रहे हैं। थाना प्रभारी मानिकपुर



आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही से कतरा रहे हैं। आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि उसके पति जैसा हाल बच्चों का भी कर देंगे।

पीडिता कृष्णा देवी पत्नी स्व बब्बू ने एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि दस अगस्त को दबंग शिवम पुत्र कल्लू ने फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दी है। 11 अगस्त को मानिकपुर थानाध्यक्ष को दबंगों की धमकी बाबत पत्र सौंपा था। थानाध्यक्ष के कोई कार्यवाही न करने से दबंगों के हौसले और बुलंद हैं। पीडिता ने बताया कि 11 नवम्बर 2017 को गांव के अशोक उर्फ मोहर आदि ने पति की हत्या कर दी थी। आरोपी के पुत्र शिवम ने दस अगस्त को फोन से उसके पुत्र गनेश को गाली-गलौज कर कहा कि तुम्हारे बाप की भांति तुम्हारी भी हत्या कर दी जायेगी, मुकदमा वापस न लिया तो। इसकी रिकार्डिंग पीडिता के पास मौजूद है। पीडिता ने खासतौर पर पीडित महिलाओं के लिए संवेदनशील पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। आरोपियों की जमानत रद्द कराकर जेल भेजा जाये।

# 15 में सात हत्यारोपी पुलिस ने दबोचे

## घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने एकराय होकर हत्या करने वाले सात नामजद लोगों को आलाकत्ल लाठियों समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि नौ सितम्बर को चैरा गांव के मजरा सड का पुरवा की तुलसा पुत्री विजय बहादुर ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विपक्षियों ने एकराय होकर लाठी-डंडो व बरछी से उसके पिता विजय बहादुर (48) व चाचा भुजवल पुत्रगण निर्पत यादव को घेरकर हत्या करने की



गरज से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व बरछी से मारपीट कर पिता विजय बहादुर की हत्या कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए हत्यारोपी भाग गये।
पुलिस ने थाने में मामला दर्जकर हरीशचन्द्र आदि 15 लोगों के खिलाफ आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।
पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। प्रभारी निरीक्षक की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धोबिन पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय से रामअभिलाष उर्फ दादू पुत्र हरिश्चन्द्र समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चार बांस की लाठियां बरामद की। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। दबोचे आरोपियों में रामअभिलाष उर्फ दादू पुत्र हरिश्चन्द्र, रामलखन पुत्र जुगुल किशोर, शिवफल पुत्र जुगुल किशोर, रामफल पुत्र रामकिशोर, गजराज उर्फ नौमी शंकर पुत्र कल्लू, चद्दू उर्फ देव नारायन यादव पुत्र रामकिशोर, सत्तू उर्फ श्यामफल पुत्र रामकिशोर निवासी सड़ का पुरवा मजरा चैरा हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर, दरोगा रविकान्त राय, सिपाही विनोद कुमार, गुड्डु यादव, दीपक, नरेन्द्र, सूर्यकान्त यादव, अनिकेत कुमार व संजीव सोनी शामिल रहे।

## सरधुवा पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने बबलू दर्जी पुत्र सुखलाल निवासी बरद्वारा के कब्जे से एक किलो 250 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अमित सिंह व बब्बू राजा शामिल रहे।

## मारकुण्डी पुलिस ने दो के कब्जे से पकडे तमंचे




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राज कमल की देखरेख में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की टीम ने दो लोगों के कब्जे से दो तमंचे व कारतूस बरामद कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दबोचे आरोपियों में अरमान उर्फ इदरीश पुत्र तौहीद निवासी कृषि विभाग केन्द्र बाईपास मझगवां जिला सतना मप्र व छोटू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र चुनबाद उर्फ बलराम निवासी मोहल्ला नई बस्ती समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे कस्बा मझगवां जिला सतना मप्र हैं। इनका आपराधिक इतिहास भी है। विभिन्न थानों में इनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। टीम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार, दरोगा प्रभाशंकर सचान, सिपाही सचिन यादव व कमलेश यादव शामिल रहे।

# आलोक श्रीवास्तव को मिला टीचिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व पंडित धर्म प्रकाश शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट पुष्कर राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2023 सीजन चार के विजेताओं की घोषणा हुई है। देशभर से प्राप्त नॉमिनेशन में से चुने फाइनलिस्ट के मध्य ऑनलाइन वोटिंग रखी गई। सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाले फाइनलिस्ट को टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड के विजेता के रूप में चुना गया।
सोमवार को उप्र में चित्रकूट जिला से आलोक कुमार श्रीवास्तव को टीचिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड का विजेता चुना गया है। आलोक कुमार श्रीवास्तव सहायक



अध्यापक कंपोजिट विद्यालय बियावल बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इनके विद्यालय में विभिन्न नवाचारों से उत्कृष्ट शिक्षण कार्य हो रहा है। जिसके लिए इन्हे इसी वर्ष जिले में भी सम्मानित किया गया है। यही नही आलोक श्रीवास्तव ने बच्चों की शिक्षा स्तर सुधारने को विभिन्न गतिविधियों से विभिन्न पुस्तको में लेख लिखकर तथा कई स्वरचित बाल गीतों से शिक्षण कर रहे हैं। आलोक श्रीवास्तव अपने संकुल बियावल में संचालित बाल वाटिका के नोडल संकुल शिक्षक भी है। कुशल नेतृत्व के लिए इन्हें इस वर्ष ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया गया है। ब्लॉक स्तर पर सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस प्रोजेक्ट के मास्टर ट्रेनर, निर्माण के ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर तथा जूनियर वर्ग के कक्षा छः, सात, आठ के बच्चों के उपचारात्मक गणित के जिला स्तरीय संदर्भदाता के रूप में भी आलोक श्रीवास्तव ने योगदान दिया है। टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड के विजेताओं को फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व पंडित धर्म प्रकाश शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विजेता का सर्टिफिकेट ट्रॉफी व मेडल दिये जायेंगे।

## आवासीय स्कूल से गायब हुआ तेरह वर्षीय छात्र, प्रिंसिपल पर लगाया आरोप

**अलीगढ**
अलीगढ़ में आवासीय विद्यालय से गायब हुए छात्र के पिता ने विद्यालय के प्रिंसिपल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। गोंडा जिले के रहने वाले सुरेंद्र ने अलीगढ़ में कृष्णा आर्य गुरुकुल में अपने 13 वर्षीय पुत्र का दाखिला कराया था। जुलाई 2023 से कक्षा 6 की विद्यालय में रहकर ही पढ़ाई कर रहा था। 8 सितंबर को प्रधानाचार्य की तरफ से हिमांशु के गायब होने की जानकारी दी गई। वहीं स्कूल की तरफ से बताया गया कि हिमांशु तीन-चार दिन से परेशान था। वह खाना भी नहीं खा रहा था, जिसकी सूचना संस्था से किसी ने नहीं दी, जबकि सारी सुरक्षा की जिम्मेदारी गुरुकुल स्कूल के प्रधानाचार्य की थी। पुलिस गायब छात्र हिमांशु की तलाश में जुट गई है।

# जलभराव को लेकर हाईवे किया जाम, एसडीएम-सीओ ने हटवाया जाम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सत्संग भवन के पास कोतवाली कर्वी के कछारपुरवा की ओर गई सड़क में जल भराव से परेशान मोहल्लेवासियों ने राजमार्ग जामकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे मोहल्लेवासी अपनी मांग पर अडे हैं। एसडीएम सदर राजबहादुर व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने मौके पर पहुंचकर मोहल्लेवासियों को जलभराव से निजात की मांग पूरी की, तब राजमार्ग से जाम हटा। सोमवार को सवेरे से ही कछारपुरवा के मोहल्लेवासियों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया। चूंकि कल रात भारी बारिश से मोहल्ले में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। जाम लगाये लोग नारेबाजी कर तत्काल जलभराव समाप्त कराने की मांग



कर रहे थे। सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारी तथा पुलिस कर्मी जाम में फंसे रहे। राजमार्ग पर जाम से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई थीं।
शिक्षकों को स्कूल जाने में विलंब हो रहा था। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लगी होने से प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ये समस्या दो साल से बनी है। कई बार शासन-प्रशासन को बताया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूर होकर वे समस्या समाधान को प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व ईओ लालचन्द्र यादव ने प्रदर्शनकारियों को समझाने के बहुतेरे प्रयास किये। बात न बनने पर एसडीएम सदर व सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर समस्या समाधान कराने का भरोसा दिया, तब लोगों ने जाम हटाया।

## 'यहां जिंदगी का अंत हो चुका': मोरक्को में छह दशकों के सबसे तेज भूकंप से पूरा गांव तबाह, हर तरफ मलबा ही मलबा

**बीजिंग।** मोरक्को में छह दशकों के सबसे भीषण भूकंप के बाद हर तरफ तबाही के निशान बिखरे पड़े हैं। अस्पतालों के बाहर लाशों का ढेर पड़ा हुआ है। वहीं, विनाशकारी जलजले में जिंदा बच गए लोग मलबों में अपनों की जिंदगी तलाश रहे हैं। इस भूकंप में कई गांव मलबे का ढेर बन गए हैं। इनमें से एक गांव से महिला का शव निकाला गया है। उसके 25 वर्षीय मंगेतर उमर ऐत मबारेक ने अपनी लाल और आंसुओं से भरी आंखों के साथ खुदाई देखी दरअसल, मोरक्को में जबरदस्त भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिस वक्त कंपन शुरू हुआ उस वक्त वह उससे फोन पर बात कर रहा था और उसने फोन कटने से पहले रसोई के बर्तनों के फर्श पर गिरने की आवाज सुनी। वह जानता था कि वह अब नहीं रही है। उमर ने बताया कि उसकी कुछ ही हफ्तों में मीना ऐत बिही से शादी होने वाली थी। आज मेरे सामने मलबे से उसकी लाश निकाली गई है। मीना को एक कंबल में कब्रिस्तान में ले जाया गया, जहां पहले से ही 68 अन्य लोगों को दफनाया जा चुका है। बताया जा रहा है कि, मलबे को हटा रहे लोगों को मीना का फोन भी मिला, जिसे उमर को सौंप दिया गया। एक हंसता खेलता तिख्त गांव भूकंप की भेंट चढ़ गया। इस गांव में कम से कम 100 परिवार रहते थे। यहां अब चारों ओर सिर्फ लकड़ियों, चिनाई के टुकड़े, टूटी हुई प्लेटें, फटे जूते और मिट्टी का ढेर दिख रहा है। यहां रहने वाले 33 वर्षीय मोहसिन अक्सुम ने कहा कि गांव मर चुका है। यहां जीवन समाप्त हो गया। इस गांव में बड़ी संख्या में इमारतें पत्थर, लकड़ी और मिट्टी से बने मोर्टार के पारंपरिक मिश्रण से बनाई गई थीं। हंसते खेलते गांव में अब दूर दूर तक सिर्फ मातम पसरा हुआ है।

## जी20 में भारत-सऊदी अरब के समझौते से तिलमिलाया पाकिस्तान, सोशल मीडिया पर लोग बोले- हमें शर्म आती है

**इस्लामाबाद।** भारत में पहली बार सफलतापूर्वक हुए जी20 शिखर सम्मेलन की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। सभी विश्व स्तरीय नेताओं ने हिस्सा लेने के बाद भारत की मेजबानी और समिट में लिए गए फैसलों की तारीफ की। जी20 का यह सम्मेलन भारत के लिए भी ऐतिहासिक रहा, क्योंकि इसमें भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर बनाए जाने का अहम समझौता हुआ है। यह समझौता जहां एक तरफ भारत के लिए बड़ी कामयाबी है तो वहीं




दूसरी तरफ इस समझौते से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान की जनता जी20 सम्मेलन के बाद से ही अपनी सरकार को कोसना जारी रखा है। भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर बनाए जाने के समझौते के बाद पाकिस्तान के लोग इस कदर बौखलाए हुए हैं कि उन्हें अब खुद पर ही शर्मिंदगी महसूस हो रही है। पाकिस्तानी नागरिक इसे वेक अप कॉल बताते हुए देश की सरकार में बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी नागरिकों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर समझौते के बाद से भी पाकिस्तान के नागरिक अपनी सरकार को कोसने में लगे हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी यूजर ने लिखा, 'यदि इस्लामाबाद में नीति निर्माताओं के पास थोड़ी सी भी बुद्धि और जागरूकता होती तो भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप कॉरिडोर पाकिस्तान से होकर गुजरता और हम भी वैश्विक, पर्यटन और कनेक्टिविटी का केंद्र बनते। यह हम सभी के लिए शर्म की बात है।'

## 'उम्मीद है अब आएंगे रूसी और चीनी राष्ट्रपति', जी-20 की कमान मिलने पर बोले ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**ब्रासीलिया।** भारत के बाद अब ब्राजील को जी-20 समूह की अध्यक्षता सौंपी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को जी-20 समूह की अध्यक्षता सौंप दी। अध्यक्षता मिलने के बाद सिल्वा ने कहा कि अगले साल जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना ब्राजील के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने इस साल के सफल सम्मेलन के लिए भारत को बधाई दी। ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा ने कहा कि मैं शिखर सम्मेलन को अच्छे ढंग से आयोजित करने के लिए भारत को बधाई देना चाहता हूं। हमें भारतीय लोगों से बहुत प्यार मिला है। अब हमारे पास जी-20 की मेजबानी करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हम बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ब्राजील के कई शहरों का उपयोग करना चाहते हैं। सिल्वा ने इस दौरान भारत में हुए जी-20 सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति और चीनी राष्ट्रपति के शामिल नहीं होने पर भी बात की।

# पाकिस्तान के पेशावर में सेना के वाहन को निशाना बनाकर विस्फोट

**पेशावर।** पाकिस्तान में सेना पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेशावर में सेना के वाहन को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया, जिसमें पांच सैन्य अफसरों सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेशावर के वारसाक रोड पर प्राइम हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स के पास सेना के एक वाहन पर हमला कर विस्फोट किया गया। सेना की सीमा पर तैनात टुकड़ी फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के वाहन पर हुए हमले के बाद हुआ धमाका बहुत तेज था। धमाके में आठ लोग घायल हुए हैं। वारसाक के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अरशद खान ने बताया कि विस्फोट के परिणामस्वरूप फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के पांच अधिकारी व



तीन नागरिक घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किया गया। इस आईईडी हमले के निशाने पर सेना की गाड़ी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बम निरोधक इकाई मौके पर पहुँच गयी है। पुलिस व सेना की ओर से धमाके की जाँच की जा रही है। बम निरोधक इकाई की रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। बम निरोधक इकाई की एक रिपोर्ट विस्फोट की प्रकृति को और स्पष्ट करेगी। इस समय पाकिस्तान में आतंकियों के निशाने पर सेना है। जुलाई में हयाताबाद इलाके में एक बम विस्फोट में फ्रंटियर कोर वैन को निशाना बनाए जाने पर एक सैनिक शहीद हो गया था और कई अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें पेशावर में अर्धसैनिक फ्रंटियर कोर के एक वाहन पर हमला किया गया था। आतंकवादी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## अमेरिका ने सहयोगी राष्ट्रों के साथ जावा द्वीप पर किया युद्धाभ्यास

**जकार्ता।** संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और अन्य सहयोगी राष्ट्रों की सेना के हजारों सैनिकों ने क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच इंडोनेशियाई द्वीप जावा पर युद्धाभ्यास में अपनी कवच क्षमता का प्रदर्शन किया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन विवादित दक्षिण



चीन सागर में बीजिंग की बढ़ती आक्रामता से चिंतित सहयोगियों को आश्वस्त करने के लिए इंडो-पैसिफिक में सैन्य गठबंधन को मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि युद्धाभ्यास के दौरान ऑस्ट्रेलिया की सेना ने पांच एम1ए1 अब्राम युद्धक टैंक और इंडोनेशिया की सेना ने दो टैंक तैनात किए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में भी इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर संयुक्त राज्य अमेरिका और इंडोनेशिया की सेना ने वार्षिक संयुक्त युद्धभ्यास किया था।

## 26 लाख रुपये के साथ नेपालगंज विमानस्थल से इनकम टैक्स अधिकारी गिरफ्तार, एक फरार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने आज सुबह इनकम टैक्स के एक अधिकारी को 26 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। नेपालगंज से काठमांडू आ रहे विमान में एक बड़े थैले में पैसा रख कर लाने वाले कस्टम अधिकारी को नियंत्रण में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नेपालगंज विमानस्थल पर तैनात नेपाल पुलिस के डीएसपी नारायण डांगी ने बताया कि विमान पर सवार होने से पहले कस्टम अधिकारी खगेन्द्र सापकोटा को नियमित सुरक्षा जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि दांग जिले के तुलसीपुर स्थित इनकम टैक्स में कार्यरत सापकोटा के पास से एक बड़े झोले में 26 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए इनकम






टैक्स अधिकारी ने पैसे के स्रोत के बारे में अब तक कुछ भी नहीं बताया है। पुलिस ने यह भी बताया कि पकड़े गए सापकोटा के साथ मौजूद रहा इनकम टैक्स अफिस में कार्यरत कर्मचारी दीपक पौडेल फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। सापकोटा के पास ही पौडेल का भी बोर्डिंग पास मिला, जो श्री एयरलाइंस के विमान से काठमांडू आ रहे थे।

## वियतनाम यात्रा का मकसद चीन से टकराव बढ़ाना नहीं: बाइडन

**हनोई।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी दो दिवसीय वियतनाम यात्रा के संदर्भ में कहा है कि इसका मकसद चीन के साथ शीत युद्ध शुरू करना या टकराव बढ़ाना कतई नहीं है। इस यात्रा का लक्ष्य वियतनाम और अन्य एशियाई देशों के साथ अमेरिकी संबंध बनाकर दुनिया भर में स्थिरता प्रदान करना है।

भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेकर वियतनाम पहुंचे बाइडन ने यह बात शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कही। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में इस संवाददाता सम्मेलन को खासी तरजीह दी गई है। बाइडन ने कहा है कि हमारे पास स्थिरता बनाए रखने के लिए दुनिया भर



में गठबंधनों को मजबूत करने का अवसर है।

उनकी यह यात्रा चीन को नियंत्रित करने के बारे में बिलकुल नहीं है।

यह एक स्थिर आधार तैयार करने पर केंद्रित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इससे पहले हनोई पहुंचने पर बाइडन का जोरदार स्वागत किया गया।

## नेपाली सेना ने कहा, 'भारत के साथ खुली सीमा देश की सुरक्षा के लिए चुनौती'

**काठमांडू।** नेपाली सेना ने भारत के साथ खुली सीमा को देश की सुरक्षा के लिए प्रमुख चुनौती होने की बात कही है। सैन्य मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पड़ोसी देश में होने वाले आतंकी घटना का प्रभाव नेपाल पर भी आने की बात कही गई है।

नेपाली सेना मुख्यालय जंगीअड्डा में सभी कमाण्ड और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्ण प्रसाद भण्डारी ने कहा कि खुली सीमा होने के कारण पड़ोसी देश में होने वाली किसी भी प्रकार की आतंकी वारदात का असर नेपाल में पड़ने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि इस प्रति नेपाली सेना सजग और सतर्क है। सेना का कहना है




कि सालभर विभिन्न देशों के साथ होने वाले संयुक्त युद्धाभ्यास के कारण सेना इस तरह की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाते हुए इसका सामना करने के लिए तैयार रहती है। युद्धकार्य निर्देशनालय के ब्रिगेडियर जनरल प्रकाश देउजा ने कहा कि भारत के साथ खुली सीमा के कारण क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि भारत में किसी घटना को अंजाम देकर अपराधी या आतंकी का नेपाल में आसानी से प्रवेश करना नेपाल के लिए एक बडी चुनौती है। इतना ही नहीं खुली सीमा के कारण ह्यूमन ट्राफिकिंग से लेकर ड्रग्स और स्मगलिंग तक धड़ल्ले से होता है जिस पर नियंत्रण आवश्यक है। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि चीन से लगी देश की उत्तरी सीमा नियंत्रित है लेकिन भारत से लगी दक्षिणी सीमा कई दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि देश की अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर खुली सीमा को नियंत्रण करने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार किया जा रहा है।

## पीओके में लग रहे नारे, पाकिस्तान के कब्जे से आजादी दिलाओ मोदी, भीषण महंगाई से त्रस्त जनता का हल्लाबोल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बसे लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें पाकिस्तान से आजादी दिलाने की मांग की है। पीओके में में इन दिनों जमकर पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। आसमान छूती महंगाई,भोजन की कमी और अत्यधिक कर लगाने के खिलाफ पीओके के शहरों, कस्बों और गांवों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

कश्मीरी एक्टिविस्ट शब्बीर चौधरी ने आम जनता की चिंताओं को व्यक्त करते हुए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक नए वीडियो में चौधरी ने खुलासा किया कि पीओके में लोग महंगाई, बिजली कटौती, खाद्य असुरक्षा और कई अन्य चिंताओं के बीच अनुचित कर लगाने से जूझ रहे हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पीओके के लोग पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्ति के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से मदद मांग रहे हैं।

पीओके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोगों को नारे लगाते सुना गया है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी से कहो हमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे से आजादी दिलाओ। हमारी आत्माओं को बचाओ, हम भूख से मर रहे हैं, कृपया यहां आओ और हमारी मदद करो। पाकिस्तान भी इस बात से परेशान है।

## ब्रिटेन लौटने के बाद भी भारत दौरे से मंत्रमुग्ध है ऋषि सुनक, वीडियो पोस्ट कर दिखाई यात्रा की झलकियां

**लंदन।** दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में विश्वस्तरीय नेताओं ने हिस्सा

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

लिखा, 'जी20 के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण दौरा, विश्व मंच



पर यह यूके लिए योगदान।' इस वीडियो की शुरूआत दिल्ली की सड़को में उनके आगमन से शुरू होती है। इसके बाद उन्होंने अक्षरधाम मंदिर की तस्वीरे वीडियो के जरिए दिखाया। ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ अक्षरधाम मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। दोनों ने वहां आरती की और वहां के आयोजकों से भी बातचीत की। वीडियो की अगली क्लिप में उन्होंने जी20 सम्मेलन को दिखाया। वीडियों में मीटिंग की कुछ झलकियां देखने को मिली। पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की भी तस्वीरें दिखाई। वीडियो में देखा जा सकता है कि ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक सिंगापुर, मॉरिशियस और कनाडा के भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। जी20 सम्मेलन के दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से भी मिले। पीएम सुनक के इस दौरे में उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उनके साथ थी।

**ब्राजील में होगा जी20 सम्मेलन 2024**

भारत ने पहली बार जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की है। नौ और दस सितंबर को दिल्ली में आयोजित इस सम्मेलन में विदेशों के कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

इस साल अफ्रीकाई संघ को जी20 में नए सदस्य के तौर पर स्थान दिया गया। अब इस सम्मेलन की अगली बैठक 2024 में होगी, जिसकी अध्यक्षता ब्राजील के हाथों में दी गई है।

## मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव आयुक्त अरुण गोयल बने पर्यवेक्षक, चीन और भारत के लिए अहम

**माले।** मालदीव में राष्ट्रपति चुनाव हो रहा है। यह भारत और चीन के लिए काफी अहम है। मालदीव के चुनाव आयोग के निमंत्रण पर चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल मालदीव में जारी राष्ट्रपति चुनाव में पर्यवेक्षक के तौर पर वहां गया हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी। बताया कि अन्य देशों और संगठनों के अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी चुनाव अवलोकन कार्यक्रम में भाग लिया। बता दें, शनिवार को मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ था, लेकिन इसमें किसी को बहुमत नहीं मिलने पर अब 30 सितंबर को सबसे ज्यादा मत पाने वाले पहले दो उम्मीदवारों के बीच चयन के लिए मतदान होगा। दरअसल, राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को भारत समर्थक माना जाता है। वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, उनके मुख्य विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज की पार्टी 'पीपुल्स नेशनल कांग्रेस' को चीन समर्थक माना जाता है। इसलिए भारत में जी20 सम्मेलन के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन चुनावों के परिणामों की फिक्र जरूर होगी। भले ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत नहीं आए हों, राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह जीतते हैं तो चीन परेशान होगा और अगर चीन समर्थक



लेकिन उन्हें भी यह जानने में दिलचस्पी होगी कि आखिर देश का राष्ट्रपति कौन बनेगा।

इन चुनावों के नतीजों को भारत और चीन दोनों पर ही असर पड़ने वाला है। अगर मोहम्मद मुइज को जीत मिलती है तो भारत के लिए परेशानी बढ़ेगी। मुइज, चीन समर्थक है और उनके जीतने से हिंद महासागर पर भारत की मौजूदगी प्रभावित होगी।